सांध्य दैनिक
शनिवार
वर्षः 19 अंक : 226
21 नवम्बर 2026
पृष्ठ : 8
मूल्य 1.00 रूपये प्रति
प्रकाशन स्थल–देहरादून
RNI NO- UTTHIN/2008/25027
वेबसाईट - www.devpath.in
E-mail: devpath2018@gmail.com

डीएवीपी एवं राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त

देवपथ

पैनी नज़र तीखी जुबां गहरा असर

भाजपा की सबसे बड़ी ताकत समर्पित कार्यकर्ता :मुख्यमंत्री

धामी ने किया पीएम मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन के ऐतिहासिक कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

हरिद्वार, 21 नवंबर (नि०स०)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को हरिद्वार में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के संयुक्त मोर्चा एवं प्रकोष्ठ पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक में सहभागिता की। बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों, संगठनात्मक गतिविधियों, बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, जनसंपर्क अभियान को गति देने तथा विभिन्न मोर्चों एवं प्रकोष्ठों की भूमिका को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति उसके समर्पित, अनुशासित और कर्मठ कार्यकर्ता हैं। कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, संगठन के प्रति अटूट निष्ठा और जनता के साथ निरंतर संवाद के बल पर ही भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बनी है। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा, सुशासन और अंत्योदय के संकल्प को समर्पित एक विचारधारा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश विकास और आत्मनिर्भरता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उत्तराखंड में भी डबल इंजन सरकार के माध्यम से विकास कार्यों को अभूतपूर्व



गति मिली है। सड़क, रेल, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, औद्योगिक निवेश और रोजगार सृजन के क्षेत्र में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार ने समान नागरिक संहिता लागू करने, सख्त नकल विरोधी कानून बनाने, महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने, युवाओं को पारदर्शी भर्ती प्रक्रियाओं के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने तथा मातृशक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने जैसे अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 35 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां प्रदान की गई हैं, वहीं तीन लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बनकर आत्मनिर्भरता की नई मिसाल प्रस्तुत कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य उत्तराखंड को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में स्थापित करना है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने, पर्यटन की संभावनाओं को विस्तार देने, निवेश आकर्षित करने और युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के सभी मोर्चों एवं प्रकोष्ठों की संगठनात्मक संरचना समाज के विभिन्न वर्गों से सीधा संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम है। युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा सहित सभी मोर्चों और प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों को सक्रियता के साथ जनसंपर्क बढ़ाते हुए सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने की दिशा में कार्य करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती किसी भी चुनाव में सफलता का सबसे महत्वपूर्ण आधार होती है। प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने क्षेत्र की स्थानीय समस्याओं, जनभावनाओं और विकास संबंधी आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए जनता के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखना चाहिए। उन्होंने संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय तथा जनसमस्याओं के प्रभावी समाधान पर भी विशेष बल दिया। धामी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों के दृष्टिगत सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। संगठन की एकजुटता, कार्यकर्ताओं का समर्पण और सरकार के विकास कार्यों के माध्यम से जनता के बीच विश्वास को और अधिक मजबूत किया जाएगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से पूर्ण ऊर्जा, अनुशासन और समर्पण के साथ संगठनात्मक दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया।

कैबिनेट में लाया जायेगा गेस्ट फैकल्टी के मानदेय वृद्धि का प्रस्तावः डॉ. धन सिंह रावत



देहरादून 21 नवंबर (नि०स०)। उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय परिसरों में कार्यरत गेस्ट फैकल्टी के मानदेय वृद्धि का प्रस्ताव शीघ्र ही कैबिनेट बैठक में लाया जायेगा। इसके लिये विभागीय अधिकरियों को यूजीसी द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रस्ताव शीघ्र शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दे दिये गये हैं। सूबे के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज विधानसभा स्थित सभाकक्ष में उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने प्रदेशभर के राजकीय महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय परिसरों में तैनात गेस्ट फैकल्टी को यूजीसी के अनुरूप निर्धारित मानदेय देने हेतु विभागीय अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार कर शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राजकीय महाविद्यालयों व विश्वविद्यालय परिसरों में विभिन्न संकायों में लगभग 400 गेस्ट फैकल्टी तैनात है। जिन्हें यूजीसी द्वारा निर्धारित मानदेय रूपये 57,700 दिये जाने की मांग लम्बे समय से की जा रही है। वर्तमान में गेस्ट फैकल्टी को लगभग 35 हजार प्रति माह मानदेय दिया जा रहा है। डॉ. रावत ने कहा कि गेस्ट फैकल्टी को यूजीसी द्वारा निर्धारित मानदेय मुहैया कराने के लिये शीघ्र ही प्रस्ताव कैबिनेट बैठक में लाया जायेगा ताकि गेस्ट फैकल्टी की लम्बे समय से चली आ रही मांग पूरी की जा सके। बैठक में डॉ. रावत ने अधिकारियों से विभागीय व्यय बजट की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को अवशेष बजट शीघ्र खर्च करने तथा विभिन्न निर्माण कार्यों को नियत समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने विभाग में विभिन्न योजनाओं एवं परियोजनाओं के शिलान्यास व पूर्ण हो चुकी योजनाओं का लोकार्पण की सूची तैयार करने के भी निर्देश दिये। डॉ. रावत ने विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों में छात्रावासों के संचालन व छात्र-छात्राओं को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि यदि छात्रावासों में छात्र-छात्राएं नहीं आते हैं तो उनके स्थान पर शिक्षकों व कर्मचारियों को छात्रावास में रहने की अनुमति दी जा सकती है। ताकि छात्रावास का सदुपयोग किया जा सके। विभागीय मंत्री डॉ. रावत ने कहा कि राजकीय महाविद्यालयों व विश्वविद्यालय परिसरों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क टैबलेट दिये जाने का निर्णय लिया गया है, इसके लिये उन्होंने विभागीय अधिकारियों को टैबलेट वितरण हेतु शीघ्र प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिये। बैठक में सचिव उच्च शिक्षा बी.वी.आर.सी पुरूषोत्तम, अपर सचिव मनुज गोयल, निदेशक उच्च शिक्षा डॉ. ए.एस. उनियाल, संयुक्त निदेशक डॉ. संगीता गुप्ता, उप सचिव हरीश सागर, दीपक कुमार, विधि अधिकारी डॉ बी.सी0 चैबे सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सीएम धामी ने की उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ की माताजी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित



देहरादून 21 नवंबर (नि०स०)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को हरिद्वार में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माताजी स्व सावित्री देवी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं उनके परिजनों से भेंट कर अपनी गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि माता का स्नेह, आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन जीवन की अमूल्य धरोहर है। उनका निधन परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है।मुख्यमंत्री ने बाबा केदार से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने तथा शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

डा. हरिमोहन गोयल के निधन पर राज्य आंदोलनकारियों ने दी श्रद्धांजलि

देहरादून 21 नवंबर (नि०स०)। राज्य आंदोलनकारी डा. हरिमोहन गोयल के आकस्मिक निधन से समस्त राज्य आंदोलनकारी स्तब्ध हैं। मसूरी राज्य आंदोलनकारियों ने सरकार से मांग की है कि उन्हें राजकीय सम्मान के साथ श्रद्धांजलि दी जाए।मसूरी राज्य आंदोलनकारियों ने शनिवार को डॉ. हरिमोहन गोयल के आकस्मिक निधन पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मंच के संरक्षक जय प्रकाश उत्तराखंडी, अध्यक्ष देवी गोदियाल, नरेन्द्र पडियार, अनिल गोदियाल ने कहा कि डा. हरिमोहन गोयल ने जहां राज्य निर्माण में अहम भूमिका निभाई, वहीं उन्हें 14 साल तक सीबीआई के मुकदमे झेलने पड़े व अपने खर्चे पर वह इलाहाबाद जाते थे। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण आंदोलन में भी अहम भूमिका निभाई। डा. गोयल जहां सामाजिक सेवा कार्यों में अग्रणी रहते थे, वहीं धार्मिक संस्थाओं से भी जुड़े रहे व श्री सांई मंदिर के अध्यक्ष पद पर रहे।

योगी आदित्यनाथ की माता स्वर्गीय सावित्री देवी के निधन पर श्रीनगर के अधिवक्ताओं व भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने जताया गहरा शोक!



पौड़ी श्रीनगर गढ़वाल । उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की पूज्य माताजी स्वर्गीय सावित्री देवी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद, हृदयविदारक एवं पीड़ादायक है। उनके निधन की सूचना मिलते ही समूचे क्षेत्र व अधिवक्ता समाज में शोक की लहर दौड़ गई है। भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ, जिला पौड़ी गढ़वाल एवं बार एसोसिएशन श्रीनगर के समस्त पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं ने एक शोक सभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा दो मिनट का मौन रखकर अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला संयोजक अनूप श्री पांथरी एवं बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन सिंह भंडारी ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि 'माँ का स्नेह, त्याग, ममता और आशीर्वाद किसी भी व्यक्ति के जीवन की सबसे अनमोल पूँजी होती है। स्वर्गीय सावित्री देवी अत्यंत सरल, धार्मिक एवं संस्कारवान महिला थीं, जिन्होंने समाज को योगी आदित्यनाथ जैसा तपस्वी और राष्ट्रभक्त नेतृत्व दिया। उनका निधन न केवल परिवार, बल्कि समूचे समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है।' बार एसोसिएशन श्रीनगर के, सहसंयोजक विकास पंत एवं महासचिव ब्रह्मानंद भट्ट ने कहा कि दुख की इस कठिन घड़ी में श्रीनगर के समस्त अधिवक्तागण माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी एवं उनके शोकाकुल परिजनों के साथ खड़े हैं। सभी ने बाबा केदारनाथ, भगवान बद्रीविशाल एवं माँ धारी देवी से प्रार्थना की कि वे दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिवार को इस असीम वज्रपात को सहन करने की संबल एवं शक्ति प्रदान करें।

डायट गौचर में पांच दिवसीय बाल लेखन,कार्यशाला का समापन

चमोली (प्रदीप लखेड़ा)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) चमोली, गौचर में डीएलएड द्वितीय सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं के लिए आयोजित पांच दिवसीय बाल लेखन कार्यशाला का आज समापन हो गया।कार्यशाला में मुख्य संदर्भदाता के रूप में बाल प्रहरी पत्रिका के संपादक श्री उदय किरौला ने प्रशिक्षुओं को बाल साहित्य एवं रचनात्मक लेखन की विभिन्न विधाओं से परिचित कराया। कार्यशाला के समन्वयक डॉक्टर कमलेश कुमार मिश्र ने बताया कि कार्यशाला के मुख्य संदर्भदाता उदय किरौला बाल पत्रिका बाल प्रहरी और ज्ञान विज्ञान बुलेटिन के संपादक हैं, वे भारत के 16 राज्यों में 350 से अधिक पांच दिवसीय बाल लेखन कार्यशाला कर चुके हैं, बच्चों की अभिव्यक्ति के लिए उनके द्वारा प्रतिदिन ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित की जाती है जिसके अभी तक 1640 संस्करण हो चुके हैं , इस बार के कार्यशाला में पेपर मेसी का कार्य भी कराया गया पेपर मेसी में अखबारों के माध्यम से विभिन्न प्रकार के उपकरण बनाए जाते हैं, 17 नवंबर से 21 नवंबर 2026 तक आयोजित इस कार्यशाला में प्रशिक्षुओं को कहानी, कविता, निबंध, यात्रा वृत्तांत, डायरी आदि साहित्यिक विधाओं की जानकारी दी गई। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षुओं को लेखन की बारीकियों, विचारों को रचनात्मक रूप देने, अपनी अनुभूतियों एवं अनुभवों को शब्दों में अभिव्यक्त करने तथा बाल साहित्य की विशेषताओं को समझने का अवसर मिला।

DECORA 3.0 में जारी गतिविधियां, आरंभ के तहत एमिटी ने कराई डूडलिंग व कैलीग्राफी वर्कशॉप



देहरादून (नि०स०)। रेंजर्स ग्राउंड में आयोजित चार दिवसीय प्रदर्शनी DECORA 3.0 में निर्माण, आर्किटेक्चर और इंटीरियर क्षेत्र से जुड़ी गतिविधियां लगातार जारी हैं। प्रदर्शनी में देशभर के विभिन्न प्रतिष्ठित ब्रांड अपने उत्पादों और आधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन कर रहे हैं। आयोजन का नेतृत्व आयोजक सुमन शेखर कर रहे हैं। उनकी टीम पूरे आयोजन को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने में जुटी हुई है। वहीं, प्रदर्शनी में कई गणमान्य अतिथियों और वीआईपी लोगों ने पहुंचकर विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और प्रदर्शकों से बातचीत कर उत्पादों की जानकारी ली। इस दौरान आर्किटेक्ट एवं अर्बन प्लानर शशि मोहन श्रीवास्तव भी प्रदर्शनी में पहुंचे। DECORA के अंतर्गत काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर की पहल 'आरंभ' के तहत शैक्षणिक और रचनात्मक गतिविधियों का भी आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज एमिटी यूनिवर्सिटी की ओर से डूडलिंग और कैलीग्राफी वर्कशॉप आयोजित की गई। इसमें एसजीआरआर पब्लिक स्कूल के करीब 41 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। वर्कशॉप के दौरान बच्चों को अपनी रचनात्मकता और कल्पनाशीलता को कला के माध्यम से प्रदर्शित करने का अवसर मिला।

उत्तरकाशी में सह-सवार के लिए भी हेलमेट अनिवार्य, यातायात पुलिस ने निकाली रैली

उत्तरकाशी (नि०स०)। उत्तरकाशी जिला मुख्यालय में यातायात पुलिस ने दोपहिया वाहन चालक और पीछे बैठने वाले सह-सवार दोनों के लिए हेलमेट की अनिवार्यता को लेकर जागरूकता रैली निकाली है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि नियम का उल्लंघन करने वाले दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ नियमानुसार चालानी कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान यातायात निदेशालय के निर्देशों और पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय के निर्देशन में चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा का संदेश जन-जन तक पहुंचाना और सड़क हादसों में होने वाली जनहानि पर रोक लगाना है। शनिवार को पुलिस कार्यालय उत्तरकाशी से पुलिस उपाधीक्षक जनक सिंह पंवार ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली निरीक्षक यातायात सुनील कुमार के नेतृत्व में निकाली गई। रैली तिलोथ, इन्द्रावती पुल, गौतम पार्क, जोशियाड़ा, ज्ञानसू, गैस गोदाम तांबाखाणी, बस अड्डा, सब्जी मंडी और भटवाड़ी टैक्सी स्टैंड सहित विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस पुलिस कार्यालय पहुंची। दरअसल, इन व्यस्त इलाकों से रोजाना बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और दोपहिया वाहन चालक आवाजाही करते हैं।

मुख्यमंत्री धामी के मार्गदर्शन में ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हो रहे प्रयास!

पौड़ी श्रीनगर गढ़वाल। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में संचालित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और ग्रामोत्थान परियोजना ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाने में मददगार साबित हो रही हैं। इसकी एक प्रेरक मिसाल विकासखंड पोखड़ा के ग्राम गडरी निवासी पूजा देवी हैं, जिन्होंने परियोजना के सहयोग से अपना जनरल स्टोर स्थापित कर गृहणी से सफल उद्यमी तक का सफर तय किया है। आज वह अपने व्यवसाय से प्रतिमाह लगभग 22,500 रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित कर परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं। पूजा देवी वर्ष 2020 में जय गणेश स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें ग्राम संगठन की बैठकों के माध्यम से स्वरोजगार और आजीविका संवर्धन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों की जानकारी मिली। इसके बाद वह ग्रामोत्थान परियोजना के अंतर्गत गठित सहकारिता से भी जुड़ीं। इन बैठकों और गतिविधियों से प्रेरित होकर उन्होंने स्वयं का व्यवसाय शुरू करने का निर्णय लिया। वर्ष 2025 में ग्राम संगठन की



बैठक में ग्रामोत्थान परियोजना के तहत संचालित व्यक्तिगत उद्यम योजना की जानकारी मिलने पर पूजा देवी ने जनरल स्टोर स्थापित करने के लिए आवेदन किया। परियोजना के अंतर्गत उन्हें गैर-कृषि आजीविका गतिविधि के लिए कुल तीन लाख रुपये की वित्तीय व्यवस्था उपलब्ध कराई गई। इसमें 1.50 लाख रुपये बैंक ऋण, 75 हजार रुपये स्वयं का अंशदान तथा 75 हजार रुपये ग्रामोत्थान परियोजना की सहयोग राशि शामिल है। इस सहयोग से उन्होंने 'सानवी जनरल स्टोर' की शुरुआत की। वर्तमान में पूजा देवी के जनरल स्टोर का मासिक कारोबार लगभग 50 हजार रुपये और वार्षिक कारोबार करीब छह लाख रुपये है। व्यवसाय से वह प्रतिमाह लगभग 22,500 रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित कर रही हैं। इससे परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार आया है और वह आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनी हैं। पूजा देवी अब अपने व्यवसाय का सफलतापूर्वक संचालन करने के साथ ही स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी अन्य महिलाओं को भी स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। एक गृहणी से उद्यमी तक का उनका यह सफर ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तीकरण और आजीविका संवर्धन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का उदाहरण है। ग्रामोत्थान परियोजना प्रबंधक कुलदीप बिष्ट ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और ग्रामोत्थान परियोजना के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और व्यक्तिगत उद्यम स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

भूकंप मॉक ड्रिल के जरिए छात्र-छात्राओं को सिखाए आपदा से बचाव के तरीके!

पौड़ी श्रीनगर गढ़वाल । राज्य आपदा प्रबंधन दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया के निर्देशन में जिला प्रशासन तथा आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा राजकीय उत्कृष्ट इंटर कॉलेज, पाबौ में आपदा प्रबंधन जागरुकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 100 से अधिक शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान विद्यार्थियों को भूकंप सहित विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं के प्रति जागरूक करने के साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों में बचाव एवं सुरक्षा के व्यावहारिक तरीके सिखाए गए।

मास्टर ट्रेनर किशन सिंह पंवार ने कहा कि आपदा के समय घबराने के बजाय सूझबूझ और सतर्कता से काम लेना जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को आपदा के दौरान त्वरित प्रतिक्रिया देने, स्वयं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और जरूरतमंदों की सहायता करने के तरीके बताए। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण और नियमित अभ्यास आपात स्थिति में जान-माल के नुकसान को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रशिक्षण के तहत भूकंप आधारित मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इसमें छात्र-छात्राओं को भूकंप के दौरान सुरक्षित स्थान पर जाने, स्वयं का बचाव करने तथा भवन से सावधानीपूर्वक बाहर निकलने का अभ्यास कराया गया। साथ ही घायल व्यक्ति को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने के तरीके भी बताए गए। विद्यार्थियों ने उपलब्ध संसाधनों से इम्प्रोवाइज्ड स्ट्रेचर (अस्थायी स्ट्रेचर) तैयार कर घायल व्यक्ति को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने का व्यावहारिक अभ्यास किया।

सधी गेंदबाजी के दम पर दून किंग राइडर बना चैंपियन, फाइनल में दून स्ट्राइकर्स को 36 रन से हराया

देहरादून (नि०स०)। उत्तरांचल प्रेस क्लब विकास धूलिया मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट-2026 के फाइनल मुकाबले में दून किंग राइडर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दून स्ट्राइकर्स को 36 रन से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज मैदान में शनिवार को खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए दून किंग राइडर ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 131 रन बनाए। जवाब में दून स्ट्राइकर्स की टीम आठ विकेट खोकर 95 रन ही बना सकी। दून किंग राइडर की ओर से साकेत पंत ने 47 गेंदों में छह चौकों की मदद से नाबाद 46 रन बनाए, जबकि अनिल डोगरा ने महज 23 गेंदों में सात चौकों की बदौलत नाबाद 39 रन की आक्रामक पारी खेली। मनमोहन शर्मा ने 18 रन का योगदान दिया। दून स्ट्राइकर्स की ओर से अजय राणा ने 17 रन देकर दो विकेट झटके, जबकि सोबन गुसाईं ने 33 रन देकर एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दून स्ट्राइकर्स की ओर से सोबन गुसाईं ने सर्वाधिक 32 रन बनाए। अमित शर्मा ने 13 और अरविंद रावत ने 12 रन का योगदान दिया। दून किंग राइडर की ओर से साकेत पंत ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में महज 12 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। दून किंग राइडर के कप्तान सुनील कुमार ने 20 रन देकर दो और अनिल डोगरा ने 18 रन देकर एक विकेट लिया। बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में शानदार प्रदर्शन करने वाले साकेत पंत को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं, पूरी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के खिताब से नवाजा गया।

दिवंगत पत्रकार विकास धूलिया की स्मृतियों को जीवंत रखने का सराहनीय प्रयास

समापन समारोह में मुख्य अतिथि सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी और विशिष्ट अतिथि रोशनी धूलिया मौजूद रहीं। इस अवसर पर बंशीधर तिवारी ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता सामूहिकता और स्मृतियों को जीवंत रखने का एक बेहतरीन माध्यम है। हम सभी के प्रिय और चहेते विकास धूलिया की स्मृति में आयोजित यह प्रतियोगिता उनके विचारों और व्यक्तित्व को याद करने का अवसर है। उनके विचार और संबंध आज भी हमारी यादों और समाचार पत्रों के विभिन्न अंकों में धरोहर के रूप में मौजूद हैं। उन्होंने विकास धूलिया को याद करते हुए कहा कि वह बेहद अनुभवी, विनम्र और सरल व्यक्तित्व के धनी थे। इस क्रिकेट प्रतियोगिता के माध्यम से सभी ने उन्हें याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब द्वारा अपने दिवंगत पत्रकार साथियों की स्मृति में इस तरह के आयोजन करना बेहद सराहनीय है। सामान्यत: समय के साथ लोग पुरानी यादों को भूल जाते हैं, लेकिन ऐसे आयोजन उन स्मृतियों को जीवंत बनाए रखते हैं। इसके लिए प्रेस क्लब की पूरी कार्यकारिणी बधाई की पात्र है।

IFFI-2026 में उत्तराखंड पवेलियन बना आकर्षण का केंद्र, केंद्रीय सचिव चंचल कुमार ने की उत्तराखंड की फिल्म नीति की सराहना

गोवा । गोवा में आयोजित 57वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह (IFFI)-2026 के अंतर्गत आयोजित WAVES Film Bazaar-2026 में उत्तराखंड पवेलियन देशी-विदेशी फिल्मकारों एवं फिल्म उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। पवेलियन में बड़ी संख्या में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय फिल्म निर्देशक, निर्माता तथा फिल्म उद्योग से जुड़े प्रतिनिधि पहुंच रहे हैं और उत्तराखंड में फिल्म शूटिंग की संभावनाओं एवं राज्य की फिल्म नीति में विशेष रुचि दिखा रहे हैं। आज भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव श्री चंचल कुमार ने उत्तराखंड पवेलियन का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड की फिल्म नीति की सराहना करते हुए कहा कि उत्तराखंड की फिल्म नीति भारत के अन्य राज्यों की तुलना में सबसे बेहतरीन है। उन्होंने प्रदेश के खूबसूरत प्राकृतिक शूटिंग लोकेशंस की भी विशेष प्रशंसा करते हुए कहा कि उत्तराखंड में फिल्म शूटिंग के लिए बेहद शानदार एवं आकर्षक लोकेशंस उपलब्ध हैं। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा फिल्म शूटिंग को प्रोत्साहित करने तथा फिल्मकारों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में तैयार की गई उत्तराखंड फिल्म पॉलिसी-2024 की WAVES Film Bazaar-2026 में देश-विदेश से पहुंचे फिल्मकारों, निर्देशकों, निर्माताओं, फिल्म उद्योग के प्रतिनिधियों एवं अन्य आगंतुकों द्वारा सराहना की जा रही है।

एनसीआर में बढ़ती ठंड और कोहरे का सितम, 11 डिग्री तक गिरेगा पारा

नई दिल्ली । मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमानों के अनुसार, दिल्ली समेत पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में तापमान लगातार गिरता जा रहा है। सुबह और शाम के साथ-साथ अब दिन के समय भी ठंड का एहसास तेजी से होने लगा है। मौसम विज्ञानियों की मानें तो आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है, जिससे ठंड में और इजाफा होगा। वहीं, दूसरी तरफ हवा की गुणवत्ता (एक्यूआई) अभी भी खतरे के निशान से नीचे नहीं आई है, जिससे लोगों को प्रदूषण के साथ-साथ ठंड से भी जूझना पड़ रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक 20 नवंबर से 25 नवंबर तक साफ तौर पर कोहरे का असर देखने को मिल रहा है। 20 नवंबर: इस दिन अधिकतम तापमान 26 डिग्री और न्यूनतम 12 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। मध्यम कोहरा रहेगा। 21 नवंबर: तापमान में हल्की बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है, जहां अधिकतम तापमान 26 डिग्री और न्यूनतम 14 डिग्री रह सकता है। 22 नवंबर: अधिकतम तापमान 26 डिग्री पर स्थिर रह सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 13 डिग्री तक आ सकता है। मौसम में मध्यम कोहरा जारी रहेगा। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, 23 नवंबर से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। कोहरा अब हल्का कोहरा में बदल जाएगा, लेकिन तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। 23 नवंबर को अधिकतम तापमान 25 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। 24 नवंबर को ठंड का असर और बढ़ेगा क्योंकि न्यूनतम तापमान 12 डिग्री पर बना रहेगा, जबकि अधिकतम तापमान 25 डिग्री रहेगा।

जनसंख्या नियंत्रण कानून बने, दो से अधिक बच्चों वालों को न मिले कोई सरकारी लाभ : बाबा रामदेव



गोंडा । योग गुरु बाबा रामदेव ने शुक्रवार को भारत में जल्द से जल्द जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के दो से अधिक बच्चे हैं, उन्हें सरकारी सुविधाओं से वंचित कर दिया जाना चाहिए। पत्रकारों से बात करते हुए रामदेव ने कहा, भारत में जल्द से जल्द जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू किया जाना चाहिए, जिनके दो से अधिक बच्चे हैं, उन्हें सभी सरकारी सुविधाओं से वंचित कर दिया जाना चाहिए। जो लोग और अधिक बच्चे पैदा करना चाहते हैं, उन्हें कम से कम इसके परिणामों के बारे में सोच लेना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि दुनिया में लगभग 56 देश ऐसे हैं, जिन्हें मुस्लिम-बहुसंख्यक राष्ट्र माना जाता है, जबकि करीब 60-70 देशों में मुस्लिम आबादी तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा, दुनिया में लगभग 56 देश ऐसे हैं, जिन्हें मुस्लिम-बहुसंख्यक राष्ट्र माना जाता है और करीब 60-70 देशों में मुस्लिम आबादी तेजी से बढ़ रही है। सभी मुसलमानों को इस बात पर विचार करना चाहिए कि वे अत्यधिक जनसंख्या न बढ़ाएं, बल्कि ऐसे बच्चों का पालन-पोषण करें, जो बुद्धिमान, समझदार, अच्छे संस्कार वाले, नैतिक, स्वतंत्र और आत्मनिर्भर हों। संख्या बढ़ाने के बजाय, एक 'गुणवत्तापूर्ण' (बेहतर) आबादी तैयार करने पर ध्यान दिया जाना चाहिए। रामदेव ने यह भी दावा किया कि भारत में लगभग 99 प्रतिशत मुसलमान धर्मांतरित हैं। उन्होंने कहा, भारत में लगभग 99 प्रतिशत मुसलमान धर्मांतरित हैं और उनके पूर्वज एक ही हैं। सभी मुसलमानों को इस बात पर गर्व होना चाहिए कि उनके पूर्वज भी राम, कृष्ण, हनुमान, शिव, देवी-देवताओं और ऋषियों-मुनियों से जुड़े हुए थे। सभी मुसलमानों को उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए। धर्म अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन हमारे पूर्वज, डीएनए, संस्कृति, संस्कार और नैतिक परंपराएं अलग नहीं हो सकतीं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता सावित्री देवी के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए रामदेव ने कहा कि उन्होंने एक ऐसे महान पुत्र को जन्म दिया, जिसने वैश्विक मंच पर सनातन धर्म और राष्ट्रीय कर्तव्य की महिमा को स्थापित किया। उन्होंने बताया कि सावित्री देवी का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने उनकी दिवंगत आत्मा की शांति और मोक्ष के लिए प्रार्थना की। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए रामदेव ने उनकी आलोचना की। रामदेव ने कहा, कभी वे भारत की अर्थव्यवस्था को 'मृत अर्थव्यवस्था' बताते हैं, तो कभी भारत की विदेश नीति को घटिया करार देते हैं। वे भारत के मूल मूल्यों, धर्मग्रंथों और ईश्वरीय अवतारों के बारे में भी बेबुनियाद और झूठी बातें कहते हैं। उन्होंने कहा, यह बेहद शर्मनाक है। ऐसे राजनीतिक नेता एक ऐसा काम कर रहे हैं, जिसे केवल धार्मिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक पाप ही कहा जा सकता है।

गिरौदपुरी के ग्राम सुकली में महिला और दो बच्चों की संदिग्ध मौत, जहर सेवन की आशंका, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

बलौदाबाजार । आज दिनांक 20.11.2026 को प्रात: 04:00 बजे ग्राम सुकली में दो बच्चों सहित महिला के मृत्यु होने की सूचना पर चौकी गिरौदपुरी का पुलिस बल तत्काल घटनास्थल ग्राम सुकली पहुंचा, जिसमें मृतिका युक्ति मानिकपुरी पति संजय मानिकपुरी उम्र 28 साल, उसके दो बच्चे, चिरंजीव मानिकपुरी उम्र 10 साल एवं दिव्यांश मानिकपुरी उम्र करीब 5 साल का शव घटनास्थल मृतिका के घर कमरे में ही पड़ा मिला। प्रथम दृश्टया मृतकों के जहर सेवन कर आत्महत्या करना प्रतीत हो रहा है। साथ ही मृतिका के परिजनों एवं अन्य गवाहों से पूछताछ पर मृतिका महिला एवं उसके पति के मध्य पारिवारिक कलह की बात भी सामने आई है। प्रकरण में सूचक चैनदास मानिकपुरी पिता रुपदास उम्र 50 वर्ष निवासी सुकली किसी सूचना पर मर्ग जांच पंजीबध्द कर तीनों मृतकों के शव विधिवत पंचनामा करवाई पश्चात पोस्टमार्टम प्रक्रिया हेतु भेजा गया है।


पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने खेल को अपने राष्ट्र-निर्माण के एजेंडे के केंद्र में रखा है : मनसुख मांडविया



नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को नई दिल्ली में टर्फ के 16वें संस्करण का उद्घाटन किया। यह खेल व्यवसाय पर फिक्की (एफआईसीसीआई - फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री) का एक वैश्विक शिखर सम्मेलन है। वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए डॉ. मांडविया ने कहा, खेल युवाओं के विकास, सामाजिक समावेश, आर्थिक अवसरों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए एक सशक्त माध्यम बनकर उभरे हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने खेल को अपने राष्ट्र-निर्माण के एजेंडे के केंद्र में रखा है। हमारा दृष्टिकोण एक स्पष्ट सोच से प्रेरित है, खेल के मैदान से लेकर पोडियम तक, हर महत्वाकांक्षी खिलाड़ी के लिए अवसर पैदा करना। यह शिखर सम्मेलन भारत की खेल अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना: साझेदारी, नवाचार और वैश्विक नेतृत्व विषय पर आयोजित किया जा रहा है। पिछले 12 वर्षों में भारत के खेल इकोसिस्टम में आए बदलावों पर प्रकाश डालते हुए डॉ. मांडविया ने कहा, खेलो इंडिया मिशन, फिट इंडिया मूवमेंट और टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम जैसी पहलों के माध्यम से हम जमीनी स्तर पर भागीदारी बढ़ा रहे हैं, खेल प्रतिभाओं की पहचान कर रहे हैं और उच्च-स्तरीय खेलों की दिशा में रास्ते तैयार कर रहे हैं। हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नई 'खेलो इंडिया' योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत अगले पांच वर्षों में 36,441 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है, जिसका उद्देश्य खेल बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, प्रतिभाओं को निखारना और पूरे देश में खेलों के विकास को बढ़ावा देना है। भारत के प्रदर्शन पर प्रकाश डालते हुए डॉ. मांडविया ने कहा, एशियाई खेल 2026 में भारत पदक तालिका में चौथे स्थान पर रहा। एशियाई पैरा खेल 2026 में भी भारत का प्रदर्शन उतना ही ऐतिहासिक रहा, जहां हमारे पैरा-एथलीटों ने रिकॉर्ड 114 पदक जीते, जो इन खेलों में अब तक की हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। खेल उद्योग की भूमिका पर बात करते हुए डॉ. मांडविया ने कहा, हम समझते हैं कि खेलों का भविष्य न केवल एथलीटों और खेल संस्थानों द्वारा, बल्कि एक मजबूत, प्रतिस्पर्धी और नवाचार-प्रेरित खेल उद्योग द्वारा भी तय होगा। सरकार ने खेलो इंडिया स्पोर्ट्स गुड्स मैन्युफैक्चरिंग स्कीम को मंजूरी दी है। 1,856.67 करोड़ रुपये के बजट वाली इस योजना का उद्देश्य भारत को खेल के सामान के निर्माण और नवाचार के लिए एक वैश्विक केंद्र बनाना है। खेलो भारत नीति 2025 भारत में खेलों के विकास के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण पेश करती है, जबकि नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस एक्ट खेल प्रशासन में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित कर रहा है। डॉ. मांडविया ने बड़े अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी करने के भारत के इरादे के बारे में बताया। भारत अहमदाबाद में 2030 के कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी करने जा रहा है, और साथ ही इसी शहर में 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने की भी उम्मीद कर रहा है। पिछले 18 महीनों में ही भारत ने 18 शहरों में 40 अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया है। यह न केवल हमारे खेल बुनियादी ढांचे की मजबूती को दर्शाता है, बल्कि हमारी बढ़ती संगठनात्मक क्षमताओं को भी प्रदर्शित करता है। केंद्रीय खेल मंत्री ने उद्योग जगत के नेताओं को इस क्षेत्र के प्रति दीर्घकालिक रणनीतिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, खेल बुनियादी ढांचे, उच्च-प्रदर्शन अकादमियों, खेल विज्ञान सुविधाओं, खेल तकनीक और एथलीट-प्रबंधन प्रणालियों के विकास में अपार संभावनाएं हैं। निजी निवेश हमारे खेल इकोसिस्टम में बेहतर कार्यक्षमता, नवाचार और अंतरराष्ट्रीय स्तर की सर्वोत्तम प्रथाओं को ला सकता है।

डॉ. मांडविया ने कहा, हमारा विजन भारत को एक खेल राष्ट्र से बदलकर एक वैश्विक खेल अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित करना है। 2047 तक एक विकसित देश बनने की दिशा में आगे बढ़ते हुए इस सफर में खेल एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय साझेदारों, निवेशकों, निर्माताओं और खेल संस्थानों को इस बदलाव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

बर्ड फ्लू से बचाव के लिए स्वदेशी वैक्सीन देश को समर्पित, शिवराज बोले- अब डरने की जरूरत नहीं



नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बर्ड फ्लू के प्रकोप से बचाने वाली स्विदेशी वैक्सीकन बनने पर खुशी जाहिर की है। उन?होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से बनी पूर्णत: स्वदेशी वैक्सीन आज देश को समर्पित की जा रही है। इस वैक्सीबन को भारतीय अनुसंधान परिषद के निसाद संस्थानन के द्वारा बनाया गया है। केंद्रीय मंत्री शिवराज ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुए इस वैक्सीदन के बारे में जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेमटफॉर्म एक्सो पर एक पोस्ट में देशवासियों को संबोधित करते हुए लिखा कि प्रिय बहनों और भाइयों, एक खुशखबरी आपको दे रहा हूं। बर्ड फ्लू एक ऐसी बीमारी है, जो यदि फैल जाए तो भारी नुकसान करती है। बड़ी संख्या में मुर्गियां तो मारी जाती ही हैं, लेकिन मुर्गियों से इंसानों में भी इस बीमारी के फैलने का खतरा रहता है और अब तक 500 बार बर्ड फ्लू का प्रकोप हमारे देश में हो चुका है। केंद्रीय मंत्री ने लिखा कि लेकिन अब डरने की बात नहीं है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के निसाद संस्थान ने एक ऐसी स्वदेशी वैक्सीन बना ली है, जो मुर्गियों को अगर लग गई तो बर्ड फ्लू रोग से वे बच पाएंगी और केवल मुर्गियां नहीं बचेंगी, मुर्गियों के बचने के साथ-साथ इंसानों में भी यह बीमारी नहीं फैलेगी और जो इस महामारी के कारण नुकसान होता है। उस नुकसान से बचा जा सकेगा। 20 नवंबर को यह पूर्णत: स्वदेशी वैक्सीन जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से बनी है, देश को समर्पित की जा रही है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बताया कि पिछले 12 वर्षों में स्वदेशी टीकों का विकास, पशुधन और पोल्ट्री (मुर्गी पालन) को संक्रामक रोगों से बचाने में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इन प्रयासों से पशुओं के स्वास्थ्य की रक्षा करने, बीमारियों से होने वाले नुकसान को कम करने, किसानों की आय बढ़ाने और किसान समुदायों के जीवन स्तर में सुधार लाने में मदद मिली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में किसानों की समृद्धि और ग्रामीण भारत के सशक्तीकरण की दिशा में कई ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं।

सम्पादकीय

ऐतिहासिक संयोग

इस किताब के जरिए ऐसे व्यक्ति का पक्ष सामने आया है, जो ऐतिहासिक संयोग के कारण भारतीय राजनीति का एक केंद्र बन गईं। और जो उस परिवार से संबंधित रहीं, जिसकी दशकों तक अहम भूमिका रही है। सोनिया गांधी की आत्मकथा व्यक्तिगत या पारिवारिक दायरे से आगे जाते हुए उन कई प्रकरणों को भी छूती है, जो पिछले लगभग छह दशक में विवादित एवं बहुचर्चित रहे हैं। ऐसे में इस किताब पर दूसरे हलकों से प्रतिक्रिया आना या वैकल्पिक कथा पेश किया जाना स्वाभाविक ही है। अत: कुछ मामलों को लेकर राजनीतिक पारा चढ़ा है, तो उसे आम राजनीतिक प्रक्रिया का हिस्सा मान कर नजरअंदाज कर दिया जाना चाहिए। इसलिए कि इस किताब का महत्त्व कहीं और है। इसके जरिए एक ऐसे व्यक्ति का पक्ष सामने आया है, जो ऐतिहासिक संयोग के कारण निजी दायरे से निकल कर भारतीय राजनीति का एक केंद्र बन गईं। उस व्यक्ति का, जो उस परिवार से संबंधित रहीं, जिसका दशकों तक इस देश का सियासी रूप ढालने में निर्णायक योगदान रहा है। भारत में इस हैसियत में रहे व्यक्तियों के बारे में तो सैकड़ों किताबें लिखी गई हैं, लेकिन तत्कालीन घटनाओं पर अक्सर उनका अपना पक्ष सामने नहीं आया। जवाहरलाल नेहरू की आत्मकथा 1936 में प्रकाशित हुई, तब देश की बागडोर उनके हाथ में नहीं थी। नतीजतन, आजादी के बाद आरंभिक वर्षों में जो कुछ हुआ, उस पर लिखी गईं अनगिनत किताबों से जानकारियां तो खूब उपलब्ध हैं, लेकिन उन अहम घटनाओं के बारे में नेहरू का अपना पक्ष हमें मालूम नहीं है। यही बात महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अन्य प्रधानमंत्रियों पर भी लागू होती है। इंदर कुमार गुजराल ने जरूर आत्मकथा लिखी, लेकिन उनका कार्यकाल इतिहास में महज एक क्षेपक की तरह दर्ज है। पी.वी. नरसिंह राव ने अपनी कहानी उपन्यास की शक्ल में लिखी, इसलिए यह तय करना कठिन बना रहा है कि उसमें कितना तथ्य और कितनी किस्सागोई है। इस पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुए सोनिया गांधी का अपना, और प्रकारांतर में गांधी परिवार का पक्ष रखना महत्त्वपूर्ण दस्तावेज बन जाता है। इससे मालूम हुआ है कि गुजरे छह दशकों की घटनाओं को इस परिवार के अंदर कैसे देखा गया। बेशक, उसे देखने के बहुतेरे दूसरे स्रोत और नजरिए भी उपलब्ध हैं। मगर इतिहास सभी पक्षों के दृष्टिकोण को शामिल करते हुए ही वस्तुगत रूप ग्रहण करता है।

मतदाता सूची में एक भी त्रुटि न रहे, डीएम ने अधिकारियों को चेताया

डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम हटाने, नामों में त्रुटि सुधारने व 109 शतायु मतदाताओं का पुनः सत्यापन के निर्देश,

देहरादून में मतदाताओं की संख्या 12.28 लाख पार, अंतिम सूची 4 जनवरी को होगी जारी


देहरादून (नि०स०)। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप



जनपद में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) कार्यक्रम को पारदर्शी, शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने शनिवार को पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (एआरओ) को विधानसभा क्षेत्रवार लक्ष्य निर्धारित कर मतदाता सूची का गहन सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के माध्यम से प्रत्येक मतदाता का सावधानीपूर्वक सत्यापन कराया जाए। मतदाता सूची में दर्ज डुप्लीकेट नामों को नियमानुसार पृथक करने के साथ ही नाम, पिता के नाम एवं अन्य विवरणों में पाई जाने वाली त्रुटियों को तत्काल दुरुस्त कराया जाए। इसके लिए संबंधित मतदाताओं से फार्म-8 प्राप्त कर संशोधन की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जनपद में 100 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 109 मतदाताओं तथा 50 ट्रांसजेंडर मतदाताओं का पुनः सत्यापन कराने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इसका उद्देश्य प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल करना तथा अपात्र एवं दोहराव वाले नामों को नियमानुसार हटाकर मतदाता सूची को शुद्ध एवं विश्वसनीय बनाना है। उन्होंने सभी निर्वाचन अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने तथा एसएसआर कार्यक्रम की प्रगति की दैनिक समीक्षा करने के निर्देश दिए।

प्रकाश पर्व विशेषः अंधेरों में उजाले की दस्तक देते नानक

डॉ. घनश्याम बादल



जब दुनिया धर्म, जाति, भाषा और संप्रदाय की दीवारों में बंटकर एक-दूसरे को पहचानने से इंकार करने लगे, धर्म के नाम पर श्रेष्ठता का अहंकार और आस्था के नाम पर वैमनस्य फैलने लगे, तब पांच सौ से अधिक वर्ष पहले एक ऐसी आवाज़ उठी थी जिसने इंसान को उसकी असली पहचान याद दिलाई थी। यह आवाज़ थी गुरु नानक देव जी की। 'एक ओंकार' का ध्येय वाक्य देने वाले नानक ने कहा था कि ईश्वर एक है, उसकी बनाई दुनिया एक है और मनुष्य की सबसे बड़ी पहचान उसका इंसान होना है। आज गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व मनाते हुए उनके इसी संदेश को समझने और जीवन में उतारने की जरूरत है।

1469 में कार्तिक पूर्णिमा के दिन तलवंडी (वर्तमान ननकाना साहिब, पाकिस्तान) में पिता मेहता कालू और माता तृप्ता देवी था के घर नानक देव जी का जन्म हुआ, उनकी बड़ी बहन बीबी नानकी ने बचपन से ही उनकी असाधारण प्रतिभा और आध्यात्मिक चेतना को पहचान लिया था। बाल्यकाल उनका मन कर्मकांडों से अधिक जीवन के सत्य, प्रकृति और मनुष्य के दुख-दर्द को समझने में लगता था।

किशोरावस्था में जब उन्हें जनेऊ धारण कराने की रस्म की जा रही थी तो उन्होंने ऐसा धागा पहनने से इनकार कर दिया जो शरीर पर तो दिखाई दे, लेकिन मनुष्य के आचरण में पवित्रता न ला सके। उन्होंने ऐसे जनेऊ की कल्पना की जो दया की कपास, संतोष के सूत, संयम की गांठ और सत्य की ऐंठन से बना हो। यह प्रसंग बताता है कि गुरु नानक बाहरी प्रतीकों से अधिक आंतरिक शुचिता को महत्व देते थे। एक अन्य चर्चित प्रसंग सुल्तानपुर लोधी का है। वहां वे नवाब दौलत खां की सेवा में अनाज के भंडार का काम देखते थे। कहा जाता है कि एक दिन अनाज तौलते हुए वे तेरह की गिनती पर पहुंचे तो 'तेरा-तेरा' कहते हुए आध्यात्मिक भाव में डूब गए। तेरा का अर्थ केवल संख्या नहीं, बल्कि सब कुछ परमात्मा का है—यह भाव उनके जीवन दर्शन का आधार बन गया। उन्होंने अपनी संपत्ति, अहंकार और स्वार्थ को मनुष्य की सबसे बड़ी बाधाओं में माना। उन्होंने भारत के विभिन्न क्षेत्रों के अलावा तिब्बत, अरब और मध्य एशिया तक की 'उदासियां' यात्राएं कीं। इन यात्राओं का उद्देश्य मनुष्य को मनुष्य से जोड़ना और समाज में व्याप्त रूढ़ियों, पाखंडों तथा भेदभाव को चुनौती देना था। उनके साथी भाई मरदाना रबाब बजाते और गुरु नानक अपनी वाणी के माध्यम से लोगों तक जीवन का संदेश पहुंचाते।

गुरु नानक से जुड़ा भाई लालो और मलिक भागो का प्रसंग उनकी सामाजिक दृष्टि को समझने के लिए विशेष महत्वपूर्ण है। एक ओर गरीब बढ़ई भाई लालो था, जो मेहनत और ईमानदारी से कमाकर भोजन करता था, दूसरी ओर धनी मलिक भागो था, जिसके यहां वैभवशाली भोज का आयोजन था। गुरु नानक ने लालो के घर भोजन करना पसंद किया। लोकप्रचलित प्रसंग के अनुसार उन्होंने लालो की सूखी रोटी में मेहनत की कमाई का अमृत और मलिक भागो के पकवानों में शोषण की कमाई का प्रतीक देखा। उनका संदेश साफ था—ईमानदारी की सूखी रोटी बेईमानी के छप्पन भोग से कहीं श्रेष्ठ है।

गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं का सार तीन सूत्रों में समाहित है—नाम जपो, किरत करो और वंड छको। अर्थात ईश्वर का स्मरण करो, ईमानदारी से मेहनत करके आजीविका कमाओ और अपनी कमाई तथा संसाधनों को दूसरों के साथ बांटो। उन्होंने 'एक ओंकार' के माध्यम से एक परम सत्ता का संदेश दिया। उनके लिए ईश्वर किसी एक धर्म, जाति या स्थान तक सीमित नहीं था।

उनकी दृष्टि में न कोई हिंदू था, न मुसलमान के रूप में कोई पराया; सब उसी परमात्मा की संतान थे। उन्होंने स्त्री और पुरुष की समानता पर भी जोर दिया। उस समय जब समाज में महिलाओं को दोयम दर्जे पर रखा जाता था, उन्होंने सवाल उठाया कि जिस स्त्री से राजा-महाराजा और सामान्य मनुष्य जन्म लेते हैं, उसे छोटा कैसे माना जा सकता है? जातिगत ऊंच-नीच, छुआछूत और धार्मिक आडंबरों का विरोध उनकी वाणी और व्यवहार दोनों में दिखाई देता है। गुरु नानक ने करतारपुर में 1539 में अंगद देव जी को अपना उत्तराधिकारी बनाकर संसार से विदा ली। गुरु ग्रंथ साहिब में संकलित उनकी वाणी आज भी करोड़ों लोगों के लिए आध्यात्मिक मार्गदर्शन का स्रोत है। प्रकाश पर्व गुरु नानक के जन्मोत्सव से कहीं बढ़कर उनके विचारों के प्रकाश को जीवित रखने का अवसर है। गुरुद्वारों में अखंड पाठ, कीर्तन, प्रभात फेरियां, नगर कीर्तन और लंगर के आयोजन इसी भावना को अभिव्यक्त करते हैं। लंगर की परंपरा विशेष रूप से उल्लेखनीय है, जहां अमीर-गरीब, ऊंच-नीच और जाति-धर्म का भेद भुलाकर सभी एक पंक्ति में बैठकर भोजन करते हैं। यह केवल भोजन कराने की व्यवस्था नहीं, बल्कि समानता का जीवंत पाठ है।

आज के दौर में गुरु नानक की शिक्षाओं की प्रासंगिकता और बढ़ गई है। आज आर्थिक भ्रष्टाचार और बेईमानी सामान्य व्यवहार का हिस्सा बनते जा रहे हैं, धार्मिक पहचान के आधार पर अविश्वास बढ़ रहा है और नफ़रत का कारोबार फल-फूल रहा है। ऐसे समय में 'किरत करो' हमें ईमानदार श्रम का महत्व बताता है, 'वंड छको' हमें संसाधनों पर केवल अपना अधिकार समझने की प्रवृत्ति से बाहर निकालता है और 'नाम जपो' हमें अपने भीतर झांकने तथा अहंकार से मुक्त होने की प्रेरणा देता है।

गुरु नानक का जीवन याद दिलाता है कि पूजा-पाठ का महत्व तभी है जब हमारे व्यवहार में दया, करुणा और सत्य दिखाई दें। भूखे को भोजन, जरूरतमंद को सहारा, कमजोर को सम्मान और असहमत व्यक्ति को भी सुनने का धैर्य देना ही सच्ची धार्मिकता है। उनकी शिक्षाओं को अपनाने का अर्थ है बेहतर मनुष्य बनना। यदि राजनीति में ईमानदारी, कारोबार में नैतिकता, समाज में समानता, परिवार में परस्पर सम्मान और सार्वजनिक जीवन में सेवा का भाव आ जाए तो अनेक समस्याएं अपने आप कम हो सकती हैं। प्रकाश पर्व का बड़ा संदेश है कि अंधेरा केवल दीप जलाने से नहीं, विचार बदलने से दूर होता है। उनके जन्मदिन पर गुरुद्वारों में रोशनी करना और लंगर में सेवा करना अच्छी परंपरा है, लेकिन उससे भी बड़ी बात है अपने मन से भेदभाव, लालच, अहंकार और नफरत का अंधकार मिटाना।

सादगी से विवाह के बंधन में बंधे एसडीएम अकलेश नौडियाल और एसडीएम याक्षी अरोड़ा

चमोली (प्रदीप लखेड़ा)। कर्णप्रयाग के उमा देवी मंदिर में पूरी की विवाह की रस्में,



बिना तामझाम और दिखावे के शादी करने का लिया निर्णय। चमोली जिले के कर्णप्रयाग के उपजिलाधिकारी अलकेश नौडियाल और अल्मोड़ा जिले के भिकियासैंण की एसडीएम यक्षी अरोड़ा विवाह के बंधन में बंध गए हैं। दोनों ने कर्णप्रयाग स्थित प्रसिद्ध उमा देवी मंदिर में सादगी के साथ विवाह की रस्में पूरी की। जानकारी के अनुसार, मूल रूप से उत्तरकाशी जिले के पुरोला निवासी अकलेश नौडियाल और काशीपुर निवासी यक्षी अरोड़ा ने अपनी शादी को खास बनाने के लिए भव्य समारोह, चमक-दमक और अनावश्यक दिखावे से दूर रहने का निर्णय लिया। इसी सोच के साथ दोनों ने मंदिर में पारंपरिक रीति-रिवाजों के बीच विवाह किया। प्रशासनिक सेवा में कार्यरत दोनों अधिकारियों का सादगीपूर्ण विवाह क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। जहां आजकल शादियों में भव्य आयोजन और दिखावे का चलन बढ़ रहा है, वहीं दोनों अधिकारियों ने सादगी को प्राथमिकता देकर एक अलग संदेश दिया है।

2027 में उत्तराखंड में दोहराया जाएगा राजस्थान, भाजपा का होगा सूपड़ा साफः धस्माना



देहरादून (नि०स०)। राजस्थान के पंचायत चुनावों में भाजपा की करारी हार अब उत्तराखंड में भी दोहराई जाएगी। 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तराखंड की जनता भाजपा को सत्ता से बेदखल कर कांग्रेस को प्रचंड बहुमत देगी। यह दावा आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए एआईसीसी सदस्य व प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने किया। धस्माना ने कहा कि राजस्थान का जनादेश साफ संकेत है - देश की जनता अब भाजपा के जुमलों, झूठे वादों और भ्रष्टाचार से ऊब चुकी है। उत्तराखंड में भी यही हवा चल रही है। उन्होंने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, 'चाहे दिल्ली हो या देहरादून, भाजपा भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है। महंगाई ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है, बेरोजगारी ने युवाओं का भविष्य अंधकारमय कर दिया है और कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। जनता त्राहि-त्राहि कर रही है।' धस्माना ने कहा कि पिछले दस सालों में भाजपा सरकार ने उत्तराखंड को बेरोजगारी, महिला अपराध और शिक्षा के बंटाधार के सिवा कुछ नहीं दिया। 'आज राज्य की मातृ शक्ति, युवा शक्ति और छात्र शक्ति - तीनों भाजपा के खिलाफ खड़ी हो गई हैं। 2027 में यही तीनों शक्तियां मिलकर भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएंगी और कांग्रेस की प्रचंड बहुमत की सरकार बनाएंगी।'

पुरोला में विधायक निधि के स्वीकृति पत्र वितरित, गांवों के विकास को मिलेगी नई गति



पुरोला (रोबिन वर्मा)। पुरोला विधानसभा क्षेत्र के विधायक दुर्गेश्वर लाल ने विकासखंड पुरोला की भड़गांव पट्टी के ग्राम कन्ताड़ी, सौंदाड़ी, नैलाड़ी, दोणी, बेणाई, सुनारा एवं कंसोला तथा विकासखंड नौगांव के ग्राम कंडाऊ में विधायक निधि से स्वीकृत विकास कार्यों के स्वीकृति पत्र सार्वजनिक मंच से ग्राम प्रधानों को सौंपे। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि विधानसभा के हर गांव तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी पहली प्राथमिकता है। विधायक निधि से गांवों में जरूरी जनसुविधाओं का विस्तार और स्थानीय समस्याओं का समाधान लगातार किया जा रहा है। ग्रामीणों की जरूरत और जनभावना के अनुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य कविता शाह, मंडल महामंत्री शीशपाल रावत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गोविंदराम नौटियाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष हेमराज रावत, विनोद असवाल, सुचिंद्र राणा, क्षेत्र पंचायत सदस्य रुकम राणा, पूर्व मंडल महामंत्री राजेश भंडारी, जगमोहन परमार, केदार सिंह राणा, पूर्व प्रधान दयाल सिंह रावत सहित कई ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे। अंत में विधायक ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों का आभार जताते हुए कहा कि जनता का विश्वास और सहयोग ही उनकी ताकत है। पुरोला विधानसभा के समग्र विकास के लिए वे निरंतर प्रतिबद्ध हैं।

अवैध तरीके से कुत्तों को रखने की सूचना पर छापेमारी, नगर निगम की टीम ने की जांच

देहरादून (नि०स०)। शहर में अवैध तरीके से कुत्तों को रखने और संबंधित गतिविधियों की सूचना मिलने पर नगर निगम की टीम ने छापेमारी की। शिकायत के आधार पर मौके पर पहुंची टीम ने जांच की और वहां रखे गए कुत्तों एवं संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जानकारी के अनुसार, कुछ लोगों द्वारा नियमों का पालन किए बिना कुत्तों को रखा जा रहा था। इसकी सूचना नगर निगम अधिकारियों को मिलने के बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान संबंधित लोगों से जानकारी जुटाई गई और वहां मौजूद व्यवस्थाओं की जांच की गई। नगर निगम की टीम ने मौके पर यह भी देखा कि कुत्तों को रखने के लिए निर्धारित नियमों का पालन किया जा रहा है या नहीं। इस दौरान संबंधित गतिविधियों को लेकर आवश्यक जानकारी एकत्रित की गई। नगर निगम अधिकारियों ने इस मामले में स्पष्ट किया कि शहर में इस तरह की गतिविधियों को संचालित करने के लिए निर्धारित नियमों का पालन करना अनिवार्य है। नगर निगम अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि जिन लोगों को भी इस प्रकार के कार्य करने हैं, उन्हें पहले नगर निगम से आवश्यक अनुमति लेना अनिवार्य होगा। बिना अनुमति इस तरह की गतिविधियां संचालित करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

निजी क्षेत्र की भागीदारी से भारत की आर्थिक संभावनाओं को मिलेगी नई उड़ान : अनिल अग्रवाल

देहरादून (नि०स०)। हाल ही में सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक पोस्ट में वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने फिक्की में उद्योग जगत को प्रधानमंत्री के संबोधन पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने भारत की आर्थिक विकास दर को गति देने और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए सरकार और निजी क्षेत्र के बीच बेहतर सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने प्राकृतिक संसाधन, ऊर्जा, विनिर्माण और भारी उद्योग जैसे क्षेत्रों में सरकारी कंपनियों के अधिक निजीकरण का प्रस्ताव रखा। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि निजी क्षेत्र के प्रबंधन से उत्पादकता में सुधार, रोजगार सृजन और एमएसएमई क्षेत्र के विकास को बढ़ावा मिल सकता है। उनका सुझाव है कि निजीकरण के साथ दो शर्तें अनिवार्य होनी चाहिए— कर्मचारियों की छंटनी न हो और रोजगार के अवसरों में तीन गुना वृद्धि हो। उन्होंने कॉरपोरेट अधिग्रहण के विकल्प के रूप में आम जनता को शेयर आवंटित करने का भी



सुझाव दिया। उनके अनुसार, निजीकरण से प्राप्त राशि का उपयोग सरकारी कर्ज कम करने और बुनियादी ढांचे में निवेश के लिए किया जा सकता है। प्रधानमंत्री के भरोसे पर आधारित व्यवस्था के दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए अग्रवाल ने लंबी मंजूरी प्रक्रियाओं के स्थान पर स्व-प्रमाणन और सरल नियमों को अपनाने की वकालत की। उनका मानना है कि सरकार को स्पष्ट नियम बनाने चाहिए और ऑडिट के माध्यम से अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए, ताकि कारोबार और नए उद्योग तेजी से शुरू हो सकें और उनका विस्तार हो सके। अग्रवाल ने खनिज, धातु और हाइड्रोकार्बन क्षेत्रों में एक्सप्लोरेशन (अन्वेषण) को युवा उद्यमियों और स्टार्टअप्स के लिए एक बड़ा अवसर बताया। उन्होंने सुझाव दिया कि एक्सप्लोरेशन स्टार्टअप्स को अपनी खोजों को ओएनजीसी और हिंदुस्तान जिंक जैसी स्थापित कंपनियों को बेचने की अनुमति दी जानी चाहिए, जिनके पास बड़े पैमाने पर खनन और प्रोसेसिंग में निवेश करने की क्षमता है। उनका मानना है कि इससे सैकड़ों स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन मिलेगा, उद्यमिता के नए अवसर पैदा होंगे और भारत का घरेलू संसाधन तंत्र मजबूत होगा। अपने पोस्ट के अंत में अग्रवाल ने उद्योग जगत, सरकार और नागरिकों से निजीकरण, स्व-प्रमाणन और एक्सप्लोरेशन को लेकर एक राष्ट्रीय आंदोलन खड़ा करने का आह्वान किया। खाद्य आत्मनिर्भरता हासिल करने में 'जय जवान, जय किसान' आंदोलन की सफलता का उदाहरण देते हुए उन्होंने रोजगार सृजन, आय में वृद्धि और भारतीय रुपये को मजबूत बनाने के लिए इसी तरह के सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर जोर दिया।

चमोली जिला सहकारी बैंक द्वारा विकासखंड गैरसैंण में वृहद किसान ऋण मेले का आयोजन, 1 करोड़ 18 लाख के ऋण चेक वितरित

चमोली (प्रदीप लखेड़ा)। चमोली जिला सहकारी बैंक द्वारा आज विकासखंड गैरसैंण में वृहद किसान ऋण मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक कर्णप्रयाग श्री अनिल नौटियाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दर्जाधारी राज्य मंत्री एवं अध्यक्ष, वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद श्री रामचन्द्र गौड़ की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने एवं उनकी आजीविका गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कुल ?1 करोड़ 18 लाख की ऋण राशि के चेक कृषकों को वितरित किए गए। कार्यक्रम में विधायक श्री अनिल नौटियाल ने अपने संबोधन में कहा कि किसानों की आर्थिक समृद्धि एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए सहकारी बैंक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। किसानों को समय पर सुलभ एवं किफायती ऋण उपलब्ध कराना कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने की दिशा में सराहनीय प्रयास है। उन्होंने किसानों से सरकार एवं बैंक द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।दर्जाधारी राज्य मंत्री श्री रामचन्द्र गौड़ ने अपने संबोधन में कहा कि सहकारिता ग्रामीण विकास की आधारशिला है। सहकारी संस्थाओं एवं बैंकों के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बैंक द्वारा आयोजित किसान ऋण मेले की सराहना करते हुए इसे कृषक हित में एक सार्थक पहल बताया।

पीआरडी जवानों की 365 दिन रोजगार की मांग का कांग्रेस ने किया समर्थन, सरकार बनने पर मांगों के समाधान का प्रयास करेगी पार्टी : प्रीतम सिंह

देहरादून (नि०स०)। कांग्रेस विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रीतम सिंह ने देहरादून स्थित पीआरडी निदेशालय में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) के जवानों से मुलाकात की। उन्होंने जवानों की 365 दिन रोजगार उपलब्ध कराने की मांग का समर्थन करते हुए उनकी समस्याओं को जायज बताया। इस अवसर पर प्रीतम सिंह ने कहा कि पीआरडी जवान लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। जवान प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था और विभिन्न सरकारी कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें नियमित रोजगार और अन्य सुविधाओं के लिए



संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब वह प्रदेश सरकार में मंत्री थे, तब उनके कार्यकाल में पीआरडी जवानों के प्रशिक्षण एवं उनके हितों से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए थे। कांग्रेस हमेशा से जवानों के हितों के प्रति संवेदनशील रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जवानों की मांगों का समर्थन करती है और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर उनकी जायज मांगों को पूरा करने तथा 365 दिन रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में हरसंभव प्रयास किया जाएगा। प्रदेश उपाध्यक्ष श्री लालचंद शर्मा ने कहा कि पीआरडी जवान वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उन्हें आज भी रोजगार की अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है। सरकार को उनकी समस्याओं का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए 365 दिन रोजगार सहित उनकी अन्य मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए। प्रदेश उपाध्यक्ष श्री राजकुमार* ने कहा कि पीआरडी जवानों की मांगें उनके सम्मान, रोजगार और भविष्य की सुरक्षा से जुड़ी हैं। सरकार को उनकी अनदेखी करने के बजाय उनके साथ संवाद कर समस्याओं का समाधान करना चाहिए। कांग्रेस पार्टी जवानों के संघर्ष में उनके साथ खड़ी है।

जन विश्वास यात्रा केवल किलोमीटर नहीं, 2488 संभावनाओं का संकल्पः बांसुरी स्वराज

हरिद्वार 21 नवंबर। भाजपा की विस्तृत प्रदेश कार्यसमिति के निमित्त आयोजित प्रथम सत्र के अंतर्गत संयुक्त मोर्चा एवं प्रकोष्ठ बैठक में प्रदेश सह प्रभारी श्रीमती बांसुरी स्वराज एवं प्रदेश सह प्रभारी श्री अरविंद मेनन ने प्रतिभाग किया। उन्होंने पार्टी के सभी मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों को संगठन की मजबूती, जनसंपर्क विस्तार और आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर मार्गदर्शन दिया। इस बैठक में दोनों नेताओं ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर जन-जन तक पहुंचने, केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच प्रचारित करने तथा संगठनात्मक गतिविधियों को बूथ स्तर तक प्रभावी बनाने का आह्वान किया। प्रदेश सह प्रभारी श्रीमती बांसुरी स्वराज ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तराखंड एक अद्भुत भूमि है। यह केवल भारत की आध्यात्मिक चेतना की भूमि ही नहीं, बल्कि शौर्य भूमि और वीर भूमि का शंखनाद करने वाली देवभूमि है। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रत्येक मोर्चे और 22 प्रकोष्ठों की अपनी विशिष्ट भूमिका है, जो समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सेवा और संगठन का आधार बनते हैं। कहा कि भाजपा का प्रत्येक मोर्चा समाज के एक महत्वपूर्ण वर्ग की आकांक्षाओं, अपेक्षाओं और सहभागिता का प्रतिनिधित्व करता है। युवा मोर्चा युवाओं की ऊर्जा, सामर्थ्य और राष्ट्र निर्माण के संकल्प का प्रतीक है, महिला मोर्चा नारी शक्ति, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व का सशक्त माध्यम है, जबकि किसान मोर्चा अन्नदाता किसानों के सम्मान, समृद्धि और उनके अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध है। ओबीसी मोर्चा पुरुषार्थ का ध्वजवाहक है, अनुसूचित जाति मोर्चा सामाजिक समरसता एवं समान अवसरों का प्रतीक है, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जनजातीय गौरव, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का प्रतिनिधित्व करता है, वहीं अल्पसंख्यक मोर्चा समाज के विभिन्न वर्गों के बीच विश्वास, सहभागिता और संवाद को मजबूत करने का कार्य करता है। इसी तरह उन्होंने कहा कि भाजपा के 22 प्रकोष्ठ समाज के विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता और जनसेवा का आधार बनकर कार्य कर रहे हैं। बांसुरी स्वराज ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था निरंतर प्रगति कर रही है। वैश्विक स्तर पर युद्ध और चुनौतियों के बावजूद भारत ने विकास की गति को बनाए रखा है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी विदेशों में भारत की छवि को लेकर नकारात्मक बातें करते हैं, जबकि देश की जनता बार-बार कांग्रेस को नकार चुकी है।

कॉफी मेकर खरीदने से पहले इन 5 बातों का रखें ध्यान, होगा सही चयन



कॉफी मेकर एक ऐसा उपकरण है, जो आपके घर में कॉफी बनाने की प्रक्रिया को आसान और सुविधाजनक बना सकता है। हालांकि, सही कॉफी मेकर का चयन करना थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इस लेख में हम आपको कुछ जरूरी बातें बताएंगे, जिनका ध्यान रखकर आप अपने लिए सही कॉफी मेकर चुन सकते हैं और घर पर स्वादिष्ट कॉफी का आनंद ले सकते हैं।

क्षमता पर दें ध्यान

कॉफी मेकर खरीदते समय उसकी क्षमता पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। अगर आपके परिवार में कई लोग हैं या आप अक्सर मेहमानों का स्वागत करते हैं तो बड़े क्षमता वाले मॉडल का चयन करें, जो एक बार में अधिक मात्रा में कॉफी बना सके, वहीं अगर आपका परिवार छोटा है तो छोटे क्षमता वाला मॉडल भी पर्याप्त होगा।

इससे आपको बार-बार पानी भरने की जरूरत नहीं पड़ेगी और कॉफी बनाने में आसानी होगी।

गर्म करने की प्रणाली का करें चयन

कॉफी मेकर के गर्म करने की प्रणाली का चयन करते समय यह देखना चाहिए कि वह कितनी तेजी से कॉफी को गर्म करता है।

कुछ मॉडल तेजी से गर्म होते हैं, जबकि कुछ को गर्म होने में अधिक समय लगता है। तेजी से गर्म होने वाले मॉडल अधिक सुविधाजनक होते हैं क्योंकि आपको लंबे समय तक इंतजार नहीं करना पड़ता। इसके अलावा यह भी सुनिश्चित करें कि गर्म करने की प्रणाली बिजली की बचत करने वाली हो।

खुद-ब-खुद बंद होने वाले फीचर पर दें ध्यान

खुद-ब-खुद बंद होने वाला फीचर सुरक्षा और सुविधा दोनों ही प्रदान करता है।

जब आप कॉफी बना लेते हैं तो कुछ समय बाद यह फीचर अपने आप कॉफी मेकर को बंद कर देता है, जिससे ज्यादा गर्म होने की समस्या नहीं होती और बिजली की बचत भी होती है।

यह फीचर खासकर उन लोगों के लिए फायदेमंद होता है, जो अक्सर भूल जाते हैं कि उन्होंने कॉफी बनाई थी या नहीं।

फिल्टर प्रणाली देखें

कॉफी मेकर की फिल्टर प्रणाली भी अहमियत रखती है क्योंकि यह पानी की गुणवत्ता और स्वाद दोनों को प्रभावित करती है। कुछ मॉडल में दोबारा इस्तेमाल किए जा सकने वाले धातु के फिल्टर होते हैं, जिन्हें धोकर दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है, जबकि अन्य में कागज के फिल्टर आते हैं, जिन्हें हर बार बदलना पड़ता है।

सर्दियों के दौरान इन जड़ वाली सब्जियों को डाइट में शामिल करना है फायदेमंद



सर्दियों के दौरान कई तरह की जड़ वाली सब्जियां बाजार में उपलब्ध होती हैं, जो स्वादिष्ट होने के साथ-साथ सेहत के लिए फायदेमंद भी होती हैं। जड़ वाली सब्जियां विटामिन्स, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होती हैं, जो हमारे शरीर को कई तरह की बीमारियों से लड़ने में मदद कर सकती हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी जड़ वाली सब्जियों के बारे में बताते हैं, जिनका सेवन सर्दियों में जरूर करना चाहिए।

गाजर- गाजर एक लोकप्रिय और सेहतमंद जड़ सब्जी है। इसमें विटामिन-ए, विटामिन-सी और पोटेशियम की भरपूर मात्रा होती है। गाजर का सेवन आंखों की रोशनी को सुधारने, त्वचा को निखारने और दिल की सेहत को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। इसके अलावा गाजर में मौजूद बीटा-कैरोटीन शरीर में विटामिन-ए में बदल जाता है, जो आंखों के लिए फायदेमंद होता है। आप इसे सलाद, सूप या फिर सब्जी के रूप में खा सकते हैं। शकरकंद एक पौष्टिक और स्वादिष्ट जड़ सब्जी है, जो विटामिन-ए, विटामिन-सी और फाइबर से भरपूर होती है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स भी होते हैं, जो शरीर को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों से लड़ने में मदद करते हैं। शकरकंद का सेवन आंखों की रोशनी को सुधारने, त्वचा को स्वस्थ रखने और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में सहायक है। आप इसे उबालकर, भूनकर या सलाद में मिलाकर खा सकते हैं। शकरकंद से बने व्यंजन भी काफी पसंद किए जाते हैं।

चुकंदर- चुकंदर एक खास और पौष्टिक जड़ सब्जी है, जो बीटिन नामक पोषक तत्व से भरपूर होती है। यह पोषक तत्व शरीर में सूजन कम करने में मदद करता है और लीवर को स्वस्थ रखता है। इसके अलावा चुकंदर में नाइट्रेट्स होते हैं, जो रक्त संचार को बेहतर बनाते हैं और दिल की बीमारियों से बचाव में सहायक होते हैं। चुकंदर का सेवन करने से पाचन क्रिया भी ठीक रहती है।

मूली- मूली एक ताजगी भरी जड़ सब्जी है, जो एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइबर से भरपूर होती है। मूली का सेवन पाचन क्रिया को ठीक रखता है और शरीर से हानिकारक तत्वों को बाहर निकालने में मदद करता है। इसके अलावा मूली में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा की चमक बढ़ाते हैं और इसे स्वस्थ रखते हैं। मूली का सेवन करने से रोग प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत होती है, जिससे आप बीमारियों से बच सकते हैं।

आपका राशिफल

मेष राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन करियर को एक बेहतर दिशा देने के लिए अनुकूल रहेगा। कारोबार में आज किसी नए काम को लेकर भ्रमित न हों और उस पर पूरे मन से काम करें निश्चित ही आप सफल होंगे। स्वास्थ्य के मामले में आज बाहर के खाने से परहेज करें। आज किसी काम को करने में जल्दबाजी न करें। आज आपको कारोबार में अच्छा धन लाभ होने वाला है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का अच्छा रहने वाला है। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए सार्थक रहने वाला है। आज कम्पनी की तरफ से आपको काम के सिलसिले में विदेश यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आज स्टूडेंट्स की पढ़ाई में रुचि बढ़ेगी, कई दिनों से किसी टॉपिक को समझने में परेशान चल रही थी आज उसे अच्छे से क्लियर कर पायेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। जीवनसाथी के साथ आज का दिन मनोरंजक गुजरेगा। आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज सोचा हुआ आपका काम पूरा हो जाएगा।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहेगा। आज बच्चों के भविष्य से जुड़ी कुछ योजनाएं बनेंगी और उन्हें तुरंत लागू करना भी उचित रहेगा। किसी महत्वपूर्ण उद्देश्य को लेकर आज यात्रा भी हो सकती है। अपने उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर आज आपको पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। आज अपने लवमेट को रिंग गिफ्ट कर सकते हैं, इससे आज आप दोनों के बीच रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी।

कर्क राशि : आज आपका दिन उत्तम रहेगा। परिवार वालों के साथ मनोरंजन के लिए कहीं ट्रिप का प्लान बन सकता है। परिवार के सभी सदस्यों के साथ आज अच्छा समय बिताएंगे। रियल स्टेट से जुड़े लोगों की आज फायदेमंद डील हो सकती हैं। सरकारी क्षेत्र में सेवारत व्यक्तियों को आज जरूरी काम से यात्रा करनी पड़ सकती है। इस राशि के व्यापारी वर्ग को आज अचानक बड़ा फायदा हो सकता है। टेन्ट हाउस और ईवेंट मनेजमेंट का काम करने वालों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है, बढ़िया मुनाफा होने वाला है।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपके सारे पुराने काम आसानी से पूरे हो जाएंगे। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। साइंस से जुड़े छात्रों को आज अच्छी जॉब का ऑफर मिल सकता है। बिजनेस के सिलसिले में दोस्त के साथ बाहर जा सकते है। व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। आज किसी से बात करते समय अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें। लवमेट अपने रिश्ते को लेकर घर पर बात करेंगे। रिश्ता तय हो सकता है। जिससे घर में खुशियों का माहौल बना रहेगा।

कन्या राशि : आज आप का दिन बेहतर रहेगा। बच्चों द्वारा आज शुभ समाचार मिलने से घर में खुशी का माहौल रहेगा साथ ही पिछले कुछ दिनों से चल रही किसी दुविधा का भी समाधान निकलेगा जिससे परिवार के सभी सदस्यों को आनन्द की प्राप्ति होगी। आज खाद्य पदार्थों के व्यापार में चार गुना वृद्धि हो सकती है। आज आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत बना रहेगा। आज रूक्त्र के स्टूडेंट्स अपने कॉलेज को प्रोजेक्ट पूरा करने में दोस्तों की मदद मिलेगी।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए लकी रहेगा। दोस्तों के साथ आज कहीं बाहर पार्टी करने जा सकते है। इस राशि के बिजनेस मैन को आज अचानक किसी काम का बड़ा आर्डर मिल सकता है। आज व्यवसाय में किसी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन किसी अनुभवी व्यक्ति के मार्गदर्शन से समस्या हल भी हो जाएगी। आपकी आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अगर आज किसी नये बिजनेस की शुरुआत करने की सोच रहें है तो माता-पिता की राय अवश्य लें निश्चित ही आपको सफलता मिलेगी।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए भाग्यशाली साबित होने वाला है। आज दोस्त की बर्थडे पार्टी में नए लोग मिलेंगे जो आपके लिए आने वाले समय फायदेमंद साबित होंगे। आज ऑफिस के कार्यों में मन लगेगा बॉस आपके काम से प्रभावित होंगे। यदि आज कहीं बाहर जाना चाह रहें है तो ए.टी.एम. कार्ड साथ ले जाना न भूलें। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन संतोषजनक रहेगा अपने स्टडी प्लान में जरूरी बदलाव करेंगे। परिवार के साथ आज रात को बाहर डिनर का प्लान बन सकता है इससे रिश्तों में मधुरता बनेगी।

धनु राशि : आज आप का दिन ताजगी भरा रहेगा। आज की गई मेहनत का सार्थक फल आपको अवश्य मिलेगा। घर में आज किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति के आने से कुछ खास मुद्दों पर सकारात्मक विचार विमर्श होगा। आज आपको ऑफिस की महत्वपूर्ण जिम्मेदारीयां मिल सकती है। आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात का अवसर मिलेगा जिनसे भविष्य से जुड़ी योजनाओं पर विचार-विमर्श कर सकते हैं। आज आपको सबकी बातें ध्यान से सुननी चाहिए। आज आपको आर्थिक रूप से अधिक लाभ होगा।

मकर राशि : आज आपका दिन सामान्य रहेगा। कलात्मक कार्यों में रुचि रखने वाले लोगों के लिए आज दिन विशेष है आज आपको अपनी योग्यता को निखारने का मौका मिल सकता है। सड़क पर चलते समय आज ट्रैफिक नियमों को ध्यान में रखकर ही रोड-क्रास करें। आज आप अपने दोस्त को प्रसन्न करने के लिए उन्हें चॉकलेट गिफ्ट कर सकते है। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। कुछ कार्यों को लेकर आप उलझन में आ सकते हैं लेकिन किसी अनुभवी की मदद से आपको राहत मिलेगी।

कुंभ राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन करियर को एक बेहतर दिशा देने के लिए अनुकूल रहेगा। कारोबार में आज किसी नए काम को लेकर भ्रमित न हों और उस पर पूरे मन से काम करें निश्चित ही आप सफल होंगे। स्वास्थ्य के मामले में आज बाहर के खाने से परहेज करें। आज किसी काम को करने में जल्दबाजी न करें। आज आपको कारोबार में अच्छा धन लाभ होने वाला है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का अच्छा रहने वाला है। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए बेहद खास पल लेकर आया है। आज रोजगार में पदोन्नति के अवसर मिलेगा। आज प्रभावशाली लोगों से मेल-मुलाकात होने से आप अपने अंदर भी कुछ बदलाव महसूस करेंगे। बच्चों के भविष्य से जुड़ी कुछ योजनाएं बनेंगी और उन्हें तुरंत लागू करना भी उचित रहेगा ऑफिस में आज आपकी कर्तव्यनिष्ठा के लिए आपको सम्मानित किया जा सकता है इसलिए आज आप ऑफिस टाइम पर जाएं।

जूही चावला : कयामत से कयामत तक से मिली बड़ी पहचान



जब बात सादगी, बेमिसाल खूबसूरती और खिलखिलाती हंसी की होती है, तो भारतीय सिनेमा में सिर्फ एक ही नाम जहन में आता है। 1984 में मिस इंडिया का ताज पहनने से लेकर कयामत से कयामत तक के जरिए करोड़ों दिलों की धड़कन बनने तक, उन्होंने हर किरदार में जान फूंकी है। यह बात हो रही है, अपनी लाजवाब कॉमिक टाइमिंग और संजीदा अभिनय से 90 के दशक पर राज करने वाली अभिनेत्री जूही चावला की। 13 नवंबर 1967 को हरियाणा के अंबाला में जन्मी जूही चावला ने अपनी पढ़ाई मुंबई में की। पिता चाहते थे कि जूही चावला बहुत पढ़े और आईएएस बने या एमबीए करे। मां की इच्छा थी कि जूही मार्केटिंग सेक्टर में करियर बनाए। मगर स्कूल के बाद कॉलेज में पढ़ाई करते हुए ही उनकी जिंदगी में ऐसे चमत्कार हुए, जिसने उन्हें पहले मिस इंडिया और फिर एक बेहतरीन अभिनेत्री बना दिया। जूही चावला ने एक इंटरव्यू में कहा था, मेरी यह कोशिश रही कि मैं जो भी काम करूं, वो थोड़ा अच्छा करूं। इसकी शुरुआत स्कूल में हुई। मेरे बड़े भाई थोड़े मस्तीखोर थे और मां उन्हें बहुत डांटती थीं। मां की डांट का असर भाई पर तो नहीं हुआ, लेकिन मैंने उसे गंभीरता से लिया। इसी का नतीजा था कि मैं स्कूल में अच्छी छात्रा बनी। जब भी परीक्षा होती थी तो पहले पढ़ाई करके जाती थी।

फिल्मों में आने से पहले मिस इंडिया बनने की भी उनकी कहानी दिलचस्प है। इंटरव्यू में जूही चावला ने बताया था, मैं शायद इस बारे में नहीं सोच रही थी। कॉलेज के समय में एक कॉन्टेस्ट हुआ था, जिसमें मैंने हिस्सा लिया था। उसमें मैं अव्वल आई। उसी समय कॉलेजों में मिस इंडिया के लिए फॉर्म भरे जा रहे थे। इसमें मेरी कुछ दोस्त हिस्सा लेना चाह रही थीं और उन्हीं को देखते हुए मैंने भी हिस्सा लिया। मैंने अपनी दोस्तों को देखकर सोचा था कि अगर ये कर सकती हैं तो मैं भी कर सकती हूं।

इसी मस्ती-मस्ती में एक चमकता हुआ सितारा मिल गया था और जूही चावला मिस इंडिया बन गईं। जूही चावला ने कहा, मिस इंडिया बनने के बाद जिंदगी बदल चुकी थी। मैं बहुत खुश थी, लेकिन यह भरोसा नहीं हो रहा था कि मेरे साथ यह क्या हुआ है। मैं सोच रही थी कि उस समय भगवान ने कुछ तो चमत्कार किया।

फिल्मों में जब जूही चावला को मौका मिला तो उन्होंने 1986 की फिल्म सल्तनत से शुरुआत की। फिल्म करते समय वे शूटिंग के दौरान सेट पर नर्वस रहती थीं। इंटरव्यू में जूही चावला ने बताया था, मैं सल्तनत फिल्म की शूटिंग के समय, जिसमें बड़े कलाकार थे, कांपती थी।

सल्तनत के बाद जूही को एक के बाद एक फिल्में मिलने लगी थीं। फिल्म इंडस्ट्री से उनका और उनके परिवार को कोई पहले रिश्ता नहीं था। इसके बावजूद उन्हें फिल्मों से, यहां तक कि टेलीविजन से ऑफर मिलने लगे थे। उन्होंने वी. रविचंद्रन की फिल्म प्रेम लोक में काम किया था, जिसने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था। फिल्म कयामत से कयामत तक में रोल मिला तो टेलीविजन सीरियल्स से जूही चावला दूरी बनाकर आगे बढ़ गईं। इसका श्रेय उन्होंने बीआर चोपड़ा को दिया। साल 1988 की फिल्म कयामत से कयामत तक से आमिर खान भी अपनी शुरुआत कर रहे थे। दोनों की शुरुआत ऐसी चली कि उनकी यह जोड़ी बॉक्स ऑफिस पर सिर चढ़कर बोलने लगी थी।

माधुरी दीक्षित या श्रीदेवी जैसी अभिनेत्रियों के दौर में भी जूही ने अपनी छवि, खूबसूरत मुस्कान और शानदार कॉमिक टाइमिंग से अलग पहचान बनाई। उन्होंने बोल राधा बोल और हम हैं राही प्यार के जैसी फिल्मों में जबरदस्त कॉमेडी से दर्शकों का दिल जीता। उनके करियर की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि उन्होंने अन्य अभिनेत्रियों के मुकाबले बोल्ड या टिपिकल ग्लैमरस दिखने की होड़ से खुद को अलग रखा।

अहान पांडे-शरवरी वाघ की 'बेपरवाह' की पंजाब में शूटिंग खत्म



सैयारा एक्टर अहान पांडे की नई म्यूजिकल-रोमांटिक फिल्म बेपरवाह का बीती 26 अक्टूबर को एलान हुआ था. मेकर्स ने फिल्म की लीड स्टारकास्ट का पोस्टर शेयर कर इसकी रिलीज डेट का भी खुलासा किया था. फिल्म में अहान पांडे इस बार शरवरी वाघ संग रोमांस करते दिखेंगे. फिल्म अगले साल रिलीज होने वाली है. इससे पहले बेपरवाह के डायरेक्टर अली अब्बास जफर ने अहान के फैंस को बड़ा अपडेट दिया है. अली ने बताया कि उन्होंने फिल्म बेपरवाह की पंजाब में शूटिंग पूरी कर ली है. डायरेक्टर ने पंजाब के सेट से कुछ तस्वीरें भी शेयर की हैं. फिल्म के डायरेक्टर अली अब्बास जफर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर वीडियो में तस्वीरों की एक सीरीज शेयर की है. इन तस्वीरों में डायरेक्टर खुद नजर आ रहे हैं. साथ ही पंजाब में फिल्म की कहां-कहां शूटिंग हुई है, उन लोकेशन की भी झलकियां दिख रही हैं. इस पोस्ट को शेयर कर डायरेक्टर ने लिखा है, 'पंजाब में 'बेपरवाह' की शूटिंग पूरी हो गई है! यह एक बहुत ही भावुक सफर रहा, वाईआरएफ के लिए फिर से निर्देशन करना, घर वापस आने जैसा महसूस होता है, फिल्म की पूरी कास्ट और क्रू का शुक्रिया. अब इसे सिनेमाघरों में लाने का बेसब्री से इंतजार है, रब राखा'. बेपरवाह का निर्माण यशराज फिल्म्स बैनर कर रहा है. अहान पांडे का बॉलीवुड डेब्यू इस बैनर के तहत हुआ था. बेपरवाह के प्रोड्यूसर भी आदित्य चोपड़ा हैं. अहान की डेब्यू फिल्म सैयारा है, जिसे मोहित सूरी ने डायरेक्ट किया था. अहान को लेकर अली अब्बास फिल्म बना रहे हैं. बेपरवाह में अहान पांडे और शरवरी वाघ की जोड़ी देखने को मिलेगी. यह फिल्म 26 मार्च 2027 को वर्ल्डवाइड सिनेमाघरों में रिलीज होगी. बता दें, चंकी पांडे के भतीजे अहान पांडे की म्यूजिकल रोमांटिक फिल्म सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर कमाई से अंबार लगा दिया था. फिल्म में अहान और अनीत की जोड़ी ने जेन जी का खूब दिल जीता था. आज भी इस जोड़ी को साथ में देखने के बाद उनके फैंस खूब प्यार लुटाते हैं. सैयारा के बाद से फैंस को अनीत और अहान की नई फिल्म का भी इंतजार रहता है.

जान्हवी कपूर का बर्फीले पहाड़ों में शूटिंग का अनुभव

बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने अपने हालिया छायांकन की कुछ बेहद खूबसूरत तस्वीरें प्रशंसकों के साथ साझा की हैं। हालांकि, उन्होंने इस छायांकन के स्थान और इससे जुड़े आगामी प्रकल्प के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है, लेकिन तस्वीरों में नजर आ रहा बर्फ से ढका मनमोहक प्राकृतिक दृश्य लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। इन तस्वीरों में जान्हवी बेहद खूबसूरत अंदाज में नजर आ रही हैं। सपनों जैसे प्राकृतिक परिवेश और बर्फीली वादियों के बीच उनकी दिलकश अदाएं तस्वीरों की खूबसूरती को और बढ़ा रही हैं। अभिनेत्री ने अपने इस अनुभव को साझा करते हुए लिखा, मैं अभी भी ठंड से सुन्न हूं, लेकिन हमने जो छायांकन किया है, उसे लेकर मैं अंदर से बहुत खुश और गर्म महसूस कर रही हूं।

कॉस्मेटिक सर्जरी पर श्रुति हासन का बेबाक बयान



अभिनेत्री श्रुति हासन ने कॉस्मेटिक सर्जरी और शराब को लेकर अपने निजी अनुभवों पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि उन्हें कॉस्मेटिक प्रोसीजर के बारे में झूठ बोलने की कोई जरूरत महसूस नहीं होती। इसके साथ ही अभिनेत्री ने बताया कि वह आठ साल तक शराब से पूरी तरह दूर रही थीं। श्रुति हासन ने ये बातें नेहा धूपिया और अंगद बेदी के शो डबल डेट में बातचीत के दौरान कही। कॉस्मेटिक प्रोसीजर को लेकर अपनी राय रखते हुए उन्होंने कहा कि हर किसी को अपनी मर्जी से फैसले लेने का अधिकार है, लेकिन उन्हें इन फैसलों को छिपाने या उनके बारे में झूठ बोलने की जरूरत समझ नहीं आती। श्रुति ने कहा, मैं इन चीजों के बारे में बहुत सोच-समझकर बात करती हूं, लेकिन मैं लोगों के सामने बड़ी हुई हूं और ऐसे में इस बारे में झूठ बोलना बेवकूफी होगी। मैं किसी को जज नहीं कर रही हूं, लेकिन कुछ लोग कहते हैं- मैं तो ऐसी ही पैदा हुई थी... जबकि तीन हफ्ते पहले तो आप ऐसे नहीं दिखते थे। उन्होंने आगे कहा कि हर किसी की अपनी पसंद और अपनी जिंदगी है। किसी को भी अपने शरीर के साथ क्या करना है, यह तय करने का पूरा अधिकार है। उन्हें सिर्फ इस बात से परेशानी है कि लोग अपनी पसंद के बारे में सच बोलने से क्यों बचते हैं। अभिनेत्री ने कहा, सबकी मर्जी, खुद की मर्जी। मुझे इसके बारे में झूठ बोलने की कोई वजह समझ नहीं आती। लेकिन मैं इसे बढ़ावा भी नहीं देना चाहती। बातचीत के दौरान श्रुति ने अपनी जिंदगी के एक निजी पहलू पर भी बात की। उन्होंने शराब के साथ अपने रिश्ते और उससे दूरी बनाने के अनुभव को साझा किया। अभिनेत्री ने बताया कि वह लगातार आठ साल तक शराब से पूरी तरह दूर रही थीं। इस दौरान उन्होंने एक बूंद भी शराब नहीं पी थी। हालांकि, इसके बाद उन्होंने दोबारा शराब पीना शुरू कर दिया। अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए श्रुति ने कहा, मैंने हमेशा खुलकर कहा है कि शराब मेरे लिए अच्छी नहीं है। अब मैं इसे लेकर बहुत सावधान रहती हूं। फिलहाल मैं इसे संभालने की कोशिश के सफर में हूं। श्रुति हासन दिग्गज अभिनेता कमल हासन और अभिनेत्री सारिका ठाकुर की बेटी हैं। उन्होंने अपने करियर में हिंदी के साथ तमिल और तेलुगु फिल्मों में भी काम किया है। अभिनय के अलावा वह संगीत में भी रुचि रखती हैं और एक गायिका के तौर पर भी अपनी पहचान बना चुकी हैं।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकास एवं जनहित से जुड़े कार्यों के लिए प्रदान की 155.96 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

देहरादून 21 नवंबर (नि०स०)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में अवस्थापना विकास, सड़क एवं पुल निर्माण, पार्किंग, पेयजल व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों के लिए 155.96 करोड़ की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृत प्रदान की गई है। इसके साथ ही कर्मचारी कल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों को भी अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा जनपद अल्मोड़ा के रानीखेत विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत मौलेखाल बाजार में पार्किंग का निर्माण किये जाने हेतु पेयजल निगम को कार्यदायी संस्था नामित करते हुए 591.16 लाख तथा जनपद चम्पावत के लोहाघाट विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत पंचेश्वर टैक्सी स्टैंड लोहाघाट में मल्टी लेवल पार्किंग एवं अन्य निर्माण कार्यों हेतु 998.55 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा जनपद पिथौरागढ़ के विकासखण्ड मूनाकोट में कुसेरी बैण्ड से सिलौनी



मोटर मार्ग का डी.बी.एम. बी.सी. द्वारा अपग्रेड कार्यों हेतु 199.17 लाख तथा जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड भटवाडी में उत्तरकाशी धनसाली तिलवाडा मोटर मार्ग (एस.एच.-15) के किमी. 12 में 02 लेन सेतु (क्लास-बी से क्लास-ए में उच्चीकरण) के निर्माण हेतु 409.23 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री द्वारा जनपद पिथौरागढ़ के डीडीहाट विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत डंगोली-हरवाड़-वालीघाट-दफौड .-धर्मघर-कोटमन्या-पंखू-थल-सातसिलिंग मोटर मार्ग (एसएच-60) के चेनज 154.990 पर मोटर पुल का क्लास-बी से क्लास-ए में उच्चीकरण के लिए 501.17 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। इसके साथ ही डंगोली-ददिमखेत-हरवाड़-वालीघाट-दफौड़-धर्मघर-कोटमन्या-पंखू-थल-सातसिलिंग मोटर मार्ग (एसएच-60) पर चेनज 134.950 में मोटर पुल के क्लास-बी से क्लास-ए में उच्चीकरण के लिए 159.73 लाख तथा चेनज 171.740 पर 45 मीटर स्पान के मोटर पुल के उच्चीकरण के लिए 463.21 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री द्वारा जनपद पिथौरागढ़ के गंगोलीहाट विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत डंगोली-सैलानी-ददिमखेत- धर्मघर-कोटमन्या-पंखू-थल-सातसिलिंग मोटर मार्ग (एसएच-60) के किमी 127 पर पूर्व में निर्मित क्लास-बी पुल के स्थान पर 53 मीटर लंबाई का क्लास-ए लोडिंग दो लेन पुल निर्माण के लिए 725.45 की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री द्वारा जनपद टिहरी गढ़वाल के धनौल्टी विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत लालूरी-धियाकोटी-क्यार्दा की चाली मिसिंग लिंक मोटर मार्ग के निर्माण (हिल साइड कटिंग) के लिए 176.85 लाख तथा जनपद पौड़ी गढ़वाल के चौबट्टाखाल विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत विकासखण्ड पोखडा के अन्तर्गत कोट मल्ला से कोट तल्ला कंडिया कुलासु रीठा खाल मोटर मार्ग का पुर्ननिर्माण एवं सुधारीकरण के कार्य (लम्बाई 5.00 किमी) हेतु 376.90 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री द्वारा राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद ऊधमसिंहनगर के सितारगंज विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम गोविन्दनगर में पडागांव चौराहे से आबादी होते हुए जंगल सीमा तक मार्ग का पुन: निर्माण किये जाने हेतु 90.41 लाख तथा ग्राम टैगोर नगर में जैल कैम्प मुख्य मार्ग से हरेन्द्र मंडल के घर होते हुए सिंचाई नहर पुलिया तक मार्ग का पुन: निर्माण किये जाने हेतु 90.61 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री द्वारा जनपद देहरादून की रायपुर शाखा देहरादून परिक्षेत्र तथा जनपद हरिद्वार की हरिद्वार शाखा हरिद्वार परिक्षेत्र के अन्तर्गत अधिक पेयजल खपत वाले वार्डों में जल संयोजनों पर घरेलू मैकेनिकल वाटर मीटर क्लास-बी के अधिष्ठापन हेतु क्रमश: 349.59 लाख एवं 464.77 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वैच्छिक एवं आंशिक चकबंदी को प्रोत्साहित करने के लिए नई मद खोले जाने तथा राज्य आकस्मिकता निधि से 100 करोड की स्वीकृति प्रदान किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा राज्य सरकार एवं राज्य स्वायत्त निकायों/उपक्रमों के उन कर्मचारियों को, जो छठे केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार वेतन एवं भत्ते प्राप्त कर रहे, का महंगाई भत्ता 1 जुलाई, 2026 से 262 प्रतिशत से बढ़ाकर 269 प्रतिशत प्रतिमाह किए जाने को मंजूरी दी गई है। इसी प्रकार पांचवें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन एवं भत्ते प्राप्त कर रहे कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 1 जुलाई, 2026 से 483 प्रतिशत से बढ़ाकर 497 प्रतिशत प्रतिमाह किए जाने को अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने को बनेगा हॉटस्पॉट क्षेत्रों का डेटाबेस, संवेदनशील इलाकों में बढ़ेगी निगरानी



देहरादून 21 नवंबर(नि०स०)। जनपद में मानव-वन्यजीव संघर्ष की बढ़ती घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने संबंधित विभागों को ठोस एवं समन्वित कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने वन विभाग को विगत 10 वर्षों में मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं का एरिया वाइज डेटाबेस तैयार कर हॉटस्पॉट क्षेत्रों की मैपिंग करने तथा संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता बरतने को कहा।

शनिवार को ऋषिपर्णा सभागार में आयोजित जिला स्तरीय मानव-वन्यजीव संघर्ष न्यूनीकरण एवं प्रबंधन समिति की बैठक जिलाधिकारी ने कहा कि हाथी, गुलदार, बाघ, भालू एवं सांपों की आवाजाही वाले क्षेत्रों तथा जहां वन्यजीवों और मानव के बीच टकराव की आशंका अधिक रहती है, ऐसे संवेदनशील स्थलों को प्राथमिकता के आधार पर चिह्नित किया जाए। पिछले वर्षों में हुई घटनाओं का विश्लेषण कर क्षेत्रवार जोखिम का आकलन किया जाए और उसके अनुरूप सुरक्षा एवं बचाव के प्रभावी उपाय सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि चिह्नित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में वन विभाग की पेट्रोलिंग टीमों की आवाजाही बढ़ाई जाए तथा स्थानीय लोगों को लाठी, टॉर्च और लाउड हेलर जैसे आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं।

जिलाधिकारी ने उरेडा एवं विद्युत विभाग को संवेदनशील क्षेत्रों में पर्याप्त सोलर लाइट की व्यवस्था करने तथा नगर निगम एवं नगर पालिकाओं को ठोस अपशिष्ट एवं कूड़े का समुचित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वन्यजीवों को आबादी वाले क्षेत्रों की ओर आकर्षित करने वाले कारकों पर भी प्रभावी नियंत्रण जरूरी है।

पेट्रोलिंग और क्यूआरटी टीमों को किया जाएगा मजबूत

जिलाधिकारी ने वन विभाग की पेट्रोलिंग एवं क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) की संख्या और क्षमता बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि आवश्यकता के अनुसार विभाग को अतिरिक्त मैनपावर भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में कैमरा ट्रैप, निगरानी कैमरों तथा अर्ली वार्निंग सिस्टम जैसी आधुनिक तकनीकों का अधिकाधिक उपयोग करने के निर्देश दिए। वन्यजीव संघर्ष अथवा वनाग्नि की घटनाओं की सूचना तत्काल कंट्रोल रूम एवं संबंधित विभाग तक पहुंचाने के लिए हेल्पलाइन नंबर 1926 का व्यापक प्रचार-प्रसार करने को भी कहा।

जंगल से सटे गांवों में होगी झाड़ियों की कटाई, फसलों के विकल्प अपनाने पर जोर

जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को जंगल से सटे गांवों के आसपास झाड़ियों की कटाई कराने के निर्देश दिए, ताकि झाड़ियों में छिपे वन्यजीवों की मौजूदगी का पता चल सके और उनके आबादी वाले क्षेत्रों में प्रवेश की आशंका कम हो। उन्होंने कृषि एवं उद्यान विभाग को हाथी प्रभावित एवं संभावित क्षेत्रों में किसानों को पारंपरिक गन्ना एवं धान की फसलों के स्थान पर वैकल्पिक फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करने को कहा। इससे वन्यजीवों द्वारा फसलों को होने वाले नुकसान तथा मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को कम करने में मदद मिलेगी।

बैठक में स्कूली बच्चों एवं किसानों के लिए अलग-अलग जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को प्रभावी बनाने, विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में वन्यजीवों से बचाव के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए गए।

मालदेवता-टिहरी रोड पर अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ एमडीडीए की कार्रवाई, 3-4 बीघा भूमि पर की गई सीलिंग

देहरादून 21 नवंबर (नि०स०)। मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने अवैध निर्माण एवं अनधिकृत प्लॉटिंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मालदेवता क्षेत्र में सीलिंग की कार्रवाई की है। प्राधिकरण की टीम ने केशरवाला, मालदेवता, टिहरी रोड, देहरादून में लगभग 3 से 4 बीघा भूमि पर की जा रही अवैध प्लॉटिंग के मामले में यह कार्रवाई की। प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार हरीश बिष्ट, आर्यन वालिया, सागर राणा एवं कुलदीप सिंह द्वारा संबंधित स्थल पर भूमि का डिमार्केशन कर प्लॉटिंग का कार्य किया जा रहा था। इस संबंध में प्राधिकरण की ओर से उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम के अंतर्गत वाद योजित किया गया। प्राधिकरण द्वारा संबंधित पक्ष को नियमानुसार प्रक्रिया के तहत कार्रवाई के दायरे में लिया गया, लेकिन अब तक विपक्षी पक्ष की ओर से प्लॉटिंग के संबंध में कोई स्वीकृति अथवा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। इसके बाद प्राधिकरण ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए स्थल को सील कर दिया।एमडीडीए ने आमजन से अपील की है कि किसी भी भूमि या भूखंड में निवेश करने से पहले संबंधित विभागों से उसकी वैधता की पुष्टि अवश्य करें, ताकि अनधिकृत कॉलोनियों और प्लॉटिंग के नाम पर होने वाली संभावित धोखाधड़ी से बचा जा सके। एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में बिना मानचित्र स्वीकृति और आवश्यक अनुमति के की जा रही प्लॉटिंग एवं निर्माण गतिविधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। आमजन को भी किसी भूखंड की खरीदारी से पहले उसकी वैधता, प्राधिकरण की स्वीकृति और संबंधित अभिलेखों की जांच अवश्य करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अनधिकृत प्लॉटिंग से न केवल नियोजित विकास प्रभावित होता है, बल्कि आम नागरिकों को भी भविष्य में कानूनी और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। प्राधिकरण का उद्देश्य देहरादून में सुनियोजित विकास सुनिश्चित करना है। इसके लिए अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। एमडीडीए के सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में बिना स्वीकृति की जा रही प्लॉटिंग और अवैध निर्माण को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी संबंधित अधिकारियों को ऐसे मामलों में नियमित निगरानी और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। आमजन से अपील है कि भूमि या भूखंड खरीदने से पहले उसकी वैधता और प्राधिकरण से स्वीकृत मानचित्र की जांच अवश्य करें।

सैन्यधाम के लोकार्पण से पूर्व सभी शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश, प्रस्तावित प्रदेश स्तरीय सैन्य धाम यात्रा की तैयारियां समय पर पूरी करें अधिकारी : गणेश जोशी

देहरादून 21 नवंबर(नि०स०)। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने आज अपने कैंप कार्यालय में सैनिक कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर सैन्यधाम के निर्माण कार्यों एवं सैन्य धाम लोकार्पण की तैयारियों की समीक्षा की।



बैठक के दौरान सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने सैन्यधाम के लोकार्पण से पूर्व सभी शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सैन्यधाम के लोकार्पण से पहले प्रस्तावित प्रदेश स्तरीय सैन्य धाम यात्रा की सभी आवश्यक तैयारियां भी समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएं। उन्होंने कहा कि यात्रा एवं लोकार्पण कार्यक्रम से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं बेहतर समन्वय के साथ समय पर सुनिश्चित की जाएं। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि सैन्यधाम उत्तराखण्ड के वीर सैनिकों एवं अमर बलिदानियों के अदम्य शौर्य, त्याग और सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक है। सैन्यधाम का निर्माण प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि सैन्यधाम का शीघ्र ही लोकार्पण कर इसे प्रदेश की जनता को समर्पित किया जाएगा।

इस अवसर पर निदेशक सैनिक कल्याण ब्रिगेडियर डी.एस. बसेड़ा, उप निदेशक सैनिक कल्याण विंग कमांडर (सेवानिवृत्त) निधि बधानी, मेजर हिमांशु रौतेला (सेनि) सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सम्पादन मण्डल

समाचार सम्पादक: डॉ. वी.डी. शर्मा
संवाददाता: रजत शर्मा
संरक्षक सलाहकार: डा. अश्विनी काम्बोज
कानूनी सलाहकार: यशस्वी शर्मा (एड.)
अश्वनी मुद्गल (एड.)

देवपथ

हिन्दी सांध्य संस्करण

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमती सुषमा शर्मा के लिए अभिप्रेरणा प्रिंटर्स, बंजारावाला (कारगी), देहरादून (उत्तराखण्ड) से मुद्रित एवं बंजारावाला (कारगी), देहरादून (उत्तराखण्ड) प्रकाशित।

सम्पादक : रामेश्वर दत्त शर्मा

नोट:- मुद्रित सामग्री के लिए प्रेस उत्तरदायी नहीं है। वाद-विवाद का क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा।

मोबाईल: 9358129177, 9557316580